संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
13 मार्च 2025, गुरुवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 161
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## होलिका दहन आज



## बुरा ना मानो होली है......

















































संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com पर पढ़े .......
13 मार्च 2025, गुरुवार
मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 161
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## देवघर से पटना और रांची की फ्लाइट बंद

**देवघर ।** देवघर से पटना-रांची के बीच चल रही उड़ान सेवा बंद हो गई है। यात्रियों की कमी को इसका कारण बताया जा रहा है। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत शुरू हुई इस सेवा को तीन साल तक प्रोत्साहन और अनुदान दिया गया था। किराया भी कम रखा गया था लेकिन फिर भी इंडिगो को पर्याप्त यात्री नहीं मिले। अब केवल कोलकाता-देवघर के बीच ही उड़ान सेवा जारी है।

# होटलों में 200 करोड़, विदेशी नेताओं से भी संबंध, कौन संभाल रहा था अमन का साम्राज्य?

## नेपाल के रॉयल इंपावर बुटिक होटल, होटल डायनेस्टिक और टिप टॉप होटल काठमांडू में किया निवेश

**एजेंसी**

**रांची ।** अमन साहू को जिस केस में रांची में पेश करने के लिए एटीएस की टीम रांची ला रही थी, उस केस की जांच में हाल ही में खुलासा हुआ था कि रंगदारी के पैसों से उसके सगे भाई आकाश साहू ने जमीन में निवेश किया था, वहीं महंगी गाड़ियां भी खरीदी थीं। ऐसे में सवाल उठता है कि रंगदारी से मिलने वाले अथाह पैसे को अमन साहू कहां निवेश करता था और उसके आतंक का साम्राज्य कौन संभाल रहा था।

झारखंड पुलिस पहले भी अमन साहू गैंग के कई शूटरों को पकड़ चुकी है। जांच में नेपाल कनेक्शन सामने आया था। यह भी पता चला था कि अमन का नेपाल के कई बड़े गैंगस्टर, हवाला कारोबारियों और राजनेताओं से संबंध है। उसने



रंगदारी में वसूले गए पैसे का बड़ा निवेश काठमांडू के कई होटलों और रियल एस्टेट कारोबार में कर रखा है। साहू ने करीब 200 करोड़ रुपये नेपाल के रॉयल इंपावर बुटिक होटल, होटल डायनेस्टिक और टिप टॉप होटल काठमांडू में निवेश किया है। ये पैसे व्यवसायियों से रंगदारी में वसूले गए हैं।रंगदारी में वसूले गए पैसों के बैंक खातों में ट्रांजेक्शन के साक्ष्य भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) ने जुटाए थे। वहीं एनआईए ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद आकाश साहू के हस्ताक्षर का सैंपल भी लिया था, हस्ताक्षर मिलान के बाद एनआईए ने जनवरी माह में लातेहार के तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी केस में आकाश साहू पर भी चार्जशीट दायर की है। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ था कि आकाश साहू को अमन साहू गैंग के विकास आनंद ओझा उर्फ अभिषेक, अजय तुरी ने पैसे भेजे थे। एनआईए ने इस संबंध में कई लोगों की गवाही ली, साथ ही बैंक खातों की स्क्रूटनी भी की थी। जिससे एनआईए को जानकारी मिली कि तेतरियाखाड़ फायरिंग केस के आरोपियों ने आकाश साहू को अपने अन्य सहयोगियों के जरिए पैसे भेजे थे।

## मयंक सिंह और राहुल सिंह करेंगे अमन साव गिरोह का संचालन

**रांची ।** गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर के बाद अब मयंक सिंह और राहुल सिंह उसके गिरोह का संचालन करेंगे। इस संबंध में अमन साव गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अब गैंग का संचालन मयंक सिंह और राहुल सिंह करेंगे। गैंग से जुड़े सभी लोगों और बॉस अमन साव से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए सभी लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आपलोगों को किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी है। बॉस अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका साथ हमेशा हमारे साथ और हमारे ऊपर बना रहेगा।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमन साहू का जेल के अंदर रहना जैसे हमारे लिए कमजोरी थी। उसके ठीक उल्टा अब हमलोग उनके कारण और भी दिव्य, गंभीर और शक्तिशाली बन गये हैं। हमें अपने भाई अमन साव पर गर्व है कि उसने जीते जी पूरे तंत्र को हिला रखा था। इस बात का भी गर्व है कि पूरे सिस्टम का मालिक होने के बाद भी विरोधियों को हमारे भाई को साजिश रचकर मारना पड़ा। उल्लेखनीय है कि पलामू पुलिस के अनुसार अमन साव को 11 मार्च की सुबह करीब 09.30 बजे आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) सेंट्रल जेल रायपुर से एनआईए कोर्ट रांची में पेशी के लिए सेंट्रल जेल होटवार ला रही थी।

## अमन साव का शव लेने 32 घंटे बाद पहुंचे परिजन



**पलामू ।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर के बाद उसका शव लेने के लिए उसके परिजन 32 घंटे बाद पलामू पहुंचे। जीजा संतोष कुमार साव, चचेरे भाई कृष्णा साव, शंकर जायसवाल के अलावा वाहन चालक मिनहाज बुधवार देर शाम एमआरएमसीएच में पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने सभी के कागजात की जांच की एवं प्रक्रिया पूरी कर डेड बॉडी सौंप दिया। बॉडी को अमन साव के रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतैया स्थित घर ले जाया जाएगा और अंतिम संस्कार किया जाएगा। हालांकि कुछ समय पहले तक अमन साव के पिता निरंजन साव का कहना है कि वे लोग पलामू नहीं जाएंगे, बल्कि पुलिस ने जिस तरह से अमन साव को मारा है। उसी तरह उसके बेटे के शव को घर पर लाकर दे। उल्लेखनीय है कि अमन साव के एनकाउंटर के बाद फॉरेंसिक की टीम मंगलवार देर शाम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की थी। इसके बाद अमन साव के शव को पलामू जिला प्रशासन के निर्देश पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर लाया गया था। देर रात डॉक्टरों की पांच सदस्य टीम ने गैंगस्टर के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर विजय सिंह, डॉक्टर आरके रंजन, डॉक्टर एस के गिरी, डॉक्टर उदय कुमार और डॉक्टर सुशील पांडेय शामिल थे। अमन साव की बॉडी एमआरएमसीएच में रखी गई थी एवं परिजनों के आने के बाद सौंपने की बात कही गई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद ने बुधवार को बताया था कि परिजन शव लेने नहीं आएंगे तो पुलिस उसका अंतिम संस्कार करेगी। डेड बॉडी घर पर पहुंचाई नहीं जाएगी।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने दिए निर्देश, पर्व-त्योहारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी सहित अन्य त्योहारों के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में, आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। बुधवार को झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव या विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें।

### मुख्यमंत्री ने ये दिये निर्देश

- आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई और सीसीटीवी का लगाने एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।
- जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी-बलों की प्रतिनियुक्ति एवं विडियोग्राफी-ड्रोन के जरिये एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित करने।
- जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश और लाउड स्पीकर की व्यवस्था करने।
- संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना सुनिश्चित करने।
- जिला स्तरीय थाना की ओर से शांति समिति की बैठक करने।
- जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन और एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था करने।
- अवैध मादक पदार्थों-शराब के विरूद्ध छापेमारी करने
- डीजे सहित अन्य साउण्ड सिस्टम के जरिये उत्तेजक भडकाउ गानों के प्रसारण पर रोक लगाने।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने को विशेष कोर्ट गठन की मिली मंजूरी

## उत्पाद सिपाही के अभ्यर्थियों को अब दौड़ना होगा सिर्फ 16 सौ मीटर

कैबिनेट का फैसला

**संवाददाता**

**रांची ।** रांची, 12 मार्च (हि.स.)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में हुई। बैठक में कुल 31 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट में उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधन पर सहमति दी गई है। उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधित नियमों के मुताबिक अब अभ्यर्थियों को 10 किलोमीटर नहीं दौड़ना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अब 10 किमी की जगह 16सौ मीटर की दौड़ छह मिनट में पूरी करनी होगी। इसके अलावा महिला अभ्?यर्थियों को पूर्व की तरह 16 सौ मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी, लेकिन अब इसके लिए समय को घटाकर 10 मिनट कर दिया गया गया है।

उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने खनिजों पर भी सेस दर बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके अलावा झारखंड में सेविका सहायिका चयन नियमावली और चिकित्सा महाविद्यालय में तीन वर्षों के आवश्यक सेवा नियमावली में भी बदलाव किया गया है। अब जनजातीय इलाकों में दो किमी के दायरे में रहनेवाली महिलाओं का चयन सेविका और सहायिका के रूप में हो सकेगा। पूर्व में यह दायरा केवल एक किमी ही था, जिसे बढ़ाया गया है। वहीं, पीडीएस दुकानों में ई पोश मशीनों के लिए कंपनी की सेवा में विस्तार दिया गया है। साथ ही साथ आंधी तूफान और लू को भी आपदा में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोकने के लिए विशेष कोर्ट के गठन की मंजूरी दी गई।

-झारखंड हाई कोर्ट में दायर मामले में माभगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित करने और उनकी बेटी प्रिया महान्ती को अनुकंपा पर नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।

- हाई कोर्ट के आदेश पर हसनैन अख्तर की सेवा नियमित करते हुए उन्हें वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।

- हाई कोर्ट में दायर मामले में सेवानिवृत लिपिक देवनारायण सिंह की सेवा नियमित करने और अन्यि वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।

- गोड्डा के एनआरईपी के पूर्व कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी पर लगाए गए दो वेतन वृद्धि की रोक के खिलाफ विरूद्ध समर्पित अपील को स्वीकृत करते लगाए गए दंड के परिमार्जन की स्वीकृति दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### इस वर्ष नहीं बदलेगा अप्रैल से कोर्ट का समय : हाईकोर्ट

**रांची ।** राज्य में इस वर्ष जिला अदालतों में सुनवाई का समय नहीं बदलेगा। हर वर्ष रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई होती थी लेकिन अब झारखंड हाई कोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में ही सुनवाई जारी रखने की सूचना बुधवार को जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। पहले करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चलती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### झारखंड में 14 से लू का अर्ल्ट, बरतें सावधानी

**रांची ।** झारखंड में मार्च माह से ही लू चलने लगेगी। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को अर्ल्ट जारी किया है। विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि 14 मार्च को राज्?य के दक्षिण-पूर्वी भाग तथा 15 और 16 मार्च को पलामू तथा गढ़वा जिले में लू चलने की आशंका है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को विशेष रूप से कोल्हांन प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लू चलने की आशंका व्यक्त की गई है। वहीं लू को लेकर विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है और कहा है कि उपर्युक्त जिलों में लोग दोपहर में निकलने से बचें। साथ ही बच्चे और बुजुर्गों का विशेष रखने को कहा गया है तथा गर्मी से बचने के लिए छाता और ठंडा पेय का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

# बलूचिस्तान ट्रैन हाइजैक : 100 यात्री अब भी बीएलए के कब्जे में

## पाक सरकार ने क्वेटा भेजे 200 से ज्यादा ताबूत

**एजेंसी**

**कराची ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए ट्रेन हाइजैक में बड़ी तादाद में लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पाकिस्तान की सरकार ने 200 से ज्यादा ताबूत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा भेजे हैं।

पाकिस्तान रेलवे के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि बलूचिस्तान के बोलन भेजने के लिए 200 से ज्यादा ताबूत क्वेटा लाए गए हैं। ट्रेन हाइजैक की घटना को अब तक 28 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं और अब तक पाकिस्तान की सेना सभी बंधकों को नहीं छुड़ा पाई है। हालांकि, पाकिस्तान दावा कर रहा है कि ये ताबूत प्रोटोकॉल के तहत भेजे गए हैं, ताकि बुरी स्थिति में इनका इस्तेमाल किया जा सके। दावा किया जा रहा है



कि 155 यात्रियों को अब तक छुड़ा लिया गया है और रेस्क्यू ऑपरेशन में बलोच लिबरेशन आर्मी के 27 लोग मारे गए हैं। हालांकि, अब भी जाफर एक्सप्रेस में सवार 100 से ज्यादा यात्री बंदूकधारियों के कब्जे में हैं। बीएलए ने अपने आखिरी अपडेट में 30 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने का दावा किया था।

## पीएम ने मॉरीशस में किया अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान का उद्घाटन



**एजेंसी**

**पोर्ट लुई ।** पीएम मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मॉरीशस के रेडुइट में अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। भारत-मॉरीशस विकास साझेदारी के तहत कार्यान्वित यह ऐतिहासिक परियोजना मॉरीशस में क्षमता निर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देती है। 2017 के एक समझौता ज्ञापन के अंतर्गत 4.74 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान से उपलब्ध धनराशि से अत्याधुनिक संस्थान मंत्रालयों, सार्वजनिक कार्यालयों, अर्ध-सरकारी निकायों और सरकारी उद्यमों में मॉरीशस के सिविल सेवकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

## त्रिकुट रोपवे दुर्घटना मामला में हाईकोर्ट ने याचिका की निष्पादित

**संवाददाता**

**रांची ।** देवघर के त्रिकुट रोपवे दुर्घटना में तीन लोगों की मौत को लेकर जनहित याचिका को बुधवार को हाईकोर्ट ने निष्पादित कर दी। सरकार का पक्ष सुनने के बाद चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका निष्पादित की। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने विशेषज्ञों की टीम से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट के आलोक में रोपवे संचालित करने वाले कंपनी को काली सूची में डाल दिया गया। मृतकों के परिजन को मुआवजा दे दिया गया है। इसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, जिसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। त्रिकुट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाले दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए। बता दें कि त्रिकुट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में दुर्घटना हुई थी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गयी थी। इस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले और साइबर अपराध तीन गुना बढ़े : केंद्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले और उससे संबंधित साइबर अपराधों में पिछले तीन वर्ष में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं सरकार ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के तहत 13.36 लाख से अधिक शिकायतों में 4,386 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को बचाया गया है।

गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल के दर्ज अपराधों के आंकड़े प्रस्तुत किए। आंकड़ों के अनुसार एनसीआरपी पर 2022 में 39,925 ऐसी घटनाएं दर्ज की गई जिनमें कुल 91.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई। वर्ष 2023 में 60,676 ऐसे अपराध दर्ज किए गए जिनमें कुल 339.03 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

आंकड़ों से पता चलता है कि 2024 में ऐसे मामलों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़कर 1,23,672 हो गई। इस दौरान धोखाधड़ी की राशि 21 गुना बढ़कर 1935.51 करोड़ रुपये हो गई। वहीं 2025 में 28 फरवरी तक मात्र दो माह में 17,718 डिजिटल गिरफ्तारी और संबंधित साइबर अपराधों के मामले दर्ज किए गए।

## स्वास्थ्य मंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में बुधवार को नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने 56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी,38 चिकित्सा पदाधिकारी,11 दंत चिकित्सक,57 ओटी टेक्निशियन को नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने नवनियुक्त चिकित्सकों को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। रिम्स में मरीजों के दबाव को कम करने के लिए बहुत जल्द ही पांच सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल की स्थापना करने जा रहे हैं।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी दिल्ली, आईएसएम धनबाद सहित नौ भारतीय संस्थान शीर्ष 50 में शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2025 में नौ भारतीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने विशिष्ट विषयों में वैश्विक शीर्ष 50 में जगह बनयी है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने इंजीनियरिंग में वैश्विक स्तर पर 26वां स्थान प्राप्त किया, जबकि इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईएसएम), धनबाद ने खनिज और खनन इंजीनियरिंग श्रेणी में वैश्विक स्तर पर 20वां स्थान हासिल किया।

आज घोषित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाय सब्जेक्ट 2025 के अनुसार, आईआईटी दिल्ली 26वें स्थान के साथ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के व्यापक विषय क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष 30 संस्थानों में शामिल है। आईआईटी दिल्ली ने अपने पिछले साल के 45वें स्थान को सुधार कर 26वां स्थान प्राप्त किया है। भारत में आईआईटी दिल्ली इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी श्रेणी में शीर्ष संस्थान के रूप में उभरा है। प्राकृतिक विज्ञान श्रेणी




में संस्थान ने 146वां स्थान प्राप्त किया है और सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन श्रेणी में इसने 75वां स्थान प्राप्त किया है।

आईआईटी बॉम्बे को 82.3 अंकों के साथ इंजीनियरिंग में 28वां स्थान मिला है और कला वर्ग में भी 192वां स्थान मिला है। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद ने व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में 27वां स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा भारत में पहले स्थान पर रहने वाले आईआईटी मद्रास ने वैश्विक स्तर पर इंजीनियरिंग में 53वां स्थान हासिल किया है।

## अमेरिका ने वैश्विक आर्थिक नीतियों पर लिया यू टर्न

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टोबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं। सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति श्री ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अब अमेरिका भी भारत से अमेरिका में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। इससे बहुत सम्भव है कि भारत के फार्मा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल क्षेत्र, इंजीनीयरिंग क्षेत्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़े। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारत के शेयर बाजार में किये गए निवेश का पोर्टफोलियो लगभग 20 प्रतिशत गिर गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को यह आभास हो रहा है कि इसमें अभी और गिरावट आ सकती है अतः विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश अभी भी लगातार निकाल रहे है। दूसरे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार तुलनात्मक रूप से महंगे लग रहे हैं क्योंकि चीन एवं कुछ अन्य देशों की कम्पनियों के शेयर इन देशों के शेयर बाजार में सस्ते में उपलब्ध हैं। अमेरिका में बांड यील्ड के उच्च स्तर (4.75 प्रतिशत से भी ऊपर) जाने के चलते भी अमेरिकी पोर्टफोलियो निवेशक भारत से अपना निवेश निकाल कर चीन, अमेरिका एवं अन्य इमर्जिंग बाजारों में निवेश कर रहे हैं। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होते जाने से भारतीय रुपए पर लगातार दबाव बना हुआ है एवं भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। हाल ही के समय में एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य भारत के लगभग 88 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारत के शेयर बाजार में होने वाली आय भी कम हुई है एवं उनकी लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सितम्बर 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय कम्पनियों में किए गए निवेश का पोर्टफोलियो 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आज गिरकर 30,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा गया है। इसमें 25 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज की गई है। 2 अप्रेल 2025 से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत पर रेसिपरोकल टैरिफ लगाए जाने की घोषणा के चलते अभी भी भारतीय पूंजी बाजार पर लगातार दबाव बना रह सकता है।

# क्या बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है ?

**अशोक भाटिया**

बलूचिस्तान में लिबरेशन आर्मी द्वारा क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की 11 मार्च की घटना ने, बलूच और पाकिस्तानी शासन के बीच लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों की यादों को एक बार फिर से ताजा कर दिया है। बलूच लड़ाकों द्वारा किया गया ये अटैक और हाईजैक बलूचों की स्वतंत्रता की लगातार मांग का नतीजा है। यह लड़ाई आर्थिक उत्पीड़न, राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने, सांस्कृतिक भेदभाव और स्टेट स्पॉन्सर्ड दमन के आरोपों का भी अंजाम है, जो 1947 में पाकिस्तान की स्थापना के बाद से ही चल रहा है।बताया जाता है कि हाल ही में बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ा हमला कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है। अब तो अमेरिका तक ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान की एक ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। इस ट्रेन में पाकिस्तान के 450 लोगों को बंधक बना लिया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान की सेना ने जरा सी भी हरकत करने की कोशिश की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गम इलाके के पास ट्रेन को हाईजैक किया गया है। खबर के मुताबिक, करीब छह हथियारबंद लोगों ने ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं। ट्रेन हाईजैक करते हुए बलूच आर्मी ने पाकिस्तान के 11 सैनिकों को मार दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात तो ये है कि इस ट्रेन में पाकिस्तान की सेना, पाकिस्तान की पुलिस और पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक दल के अफसर व आईएसआई के अधिकारी भी बैठे हैं। बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में बैठे पाकिस्तान के अधिकारियों की संख्या 182 से ज्यादा है। ये सभी अफसर छुट्टी मनाने के लिए पाकिस्तानके पंजाब प्रांत में जा रहे थे। बलूचों ने ट्रेन में बैठे इन पाकिस्तानी अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि जरा सी हरकत की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। खबर सामने आ रही है कि बलूच आर्मी ने इस ट्रेन से महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायिन आर्मी और मजीद ब्रिगेड इस मिशन को लीड कर रही है।

गौर करने वाली बात ये है कि कुछ दिन पहले ही बलूच आर्मी ने ऐलान किया था कि वो पाकिस्तान पर अपने हमले के तरीकों को बदल देगा। कुछ दिन पहले ही बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के पांच संगठनों ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ हाथ मिला लिया था। इनमें तीन संगठन बलूचिस्तान के हैं और दो संगठन सिंध प्रांत के हैं। मकसद साफ है बलूचिस्तान और सिंध प्रांत को पाकिस्तान से अलग करना और काम शुरू भी हो चुका है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान की संसद में भी बयान दिया गया था कि बलूचिस्तान से पांच से सात प्रांत खुद को आजाद घोषित करने वाले हैं।

बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में कम से कम 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही समूह अक्सर सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और क्षेत्र में 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहते हैं।

गौरतलब है कि भारत में इससे पहले अगस्त, 2016 में बलूचिस्तान का मुद्दा जोरदार ढंग से चर्चा में आया था और तब इसकी वजह यह थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर लाल किले से दिए अपने भाषण में बलूच लोगों पर पाकिस्तान के अत्याचारों का जिक्र किया था। तब प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर पाकिस्तान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी जबकि बलूचिस्तान के नेताओं ने इस मुद्दे को उठाने के लिए मोदी को धन्यवाद दिया था।

ज्ञात हो कि इस समय पाकिस्तान में क्षेत्रफल के लिहाज से बलूचिस्तान सबसे बड़ा सूबा है लेकिन यहां आबादी कम है और बाकी प्रांतों के मुकाबले यहां के लोग गरीब हैं। यहां रोजगार के मौके भी बहुत कम हैं लेकिन प्राकृतिक संसाधन विशेषकर तेल यहां बहुत ज्यादा है और इसलिए यह सूबा पाकिस्तान के लिए बेहद अहम है।

बलूचिस्तान के इतिहास के अनुसार 1947 में भारत के विभाजन के बाद जब पाकिस्तान बना तभी से बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी आर्मी और हुकूमत के द्वारा की जा रही हिंसा, कत्लेआम और उनकी आवाज को दबाने के लिए की गई कार्रवाइयों को देखा है। 1947 से पहले बलूचिस्तान में मकरान, लस बेला, खारन और कलात इलाकों के सरदार शामिल थे। ये सभी ब्रिटिश हुकूमत के प्रति वफादार थे। इन सभी में कलात का सरदार सबसे शक्तिशाली था और बाकी इलाकों के सरदार उसके अधीन थे।जब भारत से ब्रिटिश शासन का अंत होने वाला था तब कलात के अंतिम 'खान' सरदार अहमद यार खान ने एक स्वतंत्र बलूच राष्ट्र की मांग को उठाया। अहमद यार खान ऐसा मानते थे कि उनके और मोहम्मद अली जिन्ना के संबंध बेहद अच्छे हैं और इस वजह से उन्हें पाकिस्तान में शामिल करने के बजाए एक अलग देश की मान्यता मिलेगी। 1947 में पाकिस्तान ने उनके साथ एक मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि अंग्रेज चाहते थे कि कलात का पाकिस्तान में विलय हो जाए।

अक्टूबर, 1947 में पाकिस्तान ने एक चतुराई भरा खेल खेला और कलात का पाकिस्तान में विलय करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। 17 मार्च, 1948 को पाकिस्तान की सरकार ने कलात के तीन इलाकों को अपने साथ शामिल कर लिया। इसी दौरान ऑल इंडिया रेडियो पर यह अफवाह फैल गई थी कि कलात के खान भारत में विलय करना चाहते हैं। इस वजह से 26 मार्च, 1948 को पाकिस्तान की सेना बलूचिस्तान में घुस गई और इसके अगले दिन कलात के विलय के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए गए। लेकिन इस विलय के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।बलूचिस्तान की आजादी के लिए अब तक पांच युद्ध (1948, 1958-59, 1962-63, 1973-1977 और 2003 से जारी) लड़े गए हैं, जिनमें से पहला युद्ध 1948 में शुरू हो गया था। पाकिस्तान की सेना के लिए बलूच विद्रोहियों से निपटना बेहद मुश्किल साबित हुआ है। पाकिस्तान की सेना और वहां की हुकूमत ने बलूच विद्रोहियों का निर्दयता से दमन किया है, इस तरह के आरोप अलग बलूचिस्तान की मांग करने वाले लोगों की तरफ से लगातार लगाए जाते हैं।पाकिस्तान की सेना पर बलूचिस्तान के लोगों का अपहरण करने, उन पर अत्याचार करने, मनमानी गिरफ्तारी करने और हत्याओं तक को अंजाम देने के आरोप लगते रहे हैं। इस बारे में कोई सटीक आंकड़ा नहीं है कि 1948 से अब तक पाकिस्तान की सेना ने बलूचिस्तान के कितने नागरिकों को मारा है। लेकिन एनजीए के मुताबिक, 2001 और 2017 के बीच लगभग 5,228 बलूच नागरिक लापता हो गए और यह मान लिया गया है कि वे अब जिंदा नहीं हैं।इसी कारण पाकिस्तान की सेना की हिंसा के जवाब में बलूचिस्तान की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने भी हिंसा का सहारा लिया है। उन पर ऐसा आरोप लगता है कि उन्होंने गैर-बलूच लोगों की हत्याएं की हैं और बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है।इस्लामाबाद के एनजीओ की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'बलूच विद्रोही गुटों, मुख्य रूप से बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने 2023 में बलूचिस्तान में 78 हमले किए, जिसमें 86 लोग मारे गए और 137 लोग घायल हुए। ये हमले मुख्य रूप से बलूचिस्तान के मध्य, दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों के 19 जिलों में हुए और इनमें बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया।'एक सवाल यह भी खड़ा होता है कि बलूचिस्तान की अलग मांग को किस वजह से समर्थन मिला। इसके पीछे दो बातें सामने आती हैं। पहला भेदभाव होना। बलूचिस्तान के लोगों का इतिहास, भाषा और संस्कृति एक जैसी है लेकिन यह बात कही जाती है कि पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां सिर्फ पंजाब के लोगों का दबदबा है। पंजाब के लोगों का पाकिस्तान की नौकरशाही, सारे संस्थानों पर जबरदस्त कब्जा रहा है। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम में भी पंजाबियों का दबदबा है और इस वजह से बलूचिस्तान के लोग ऐसा महसूस करते हैं कि उनके साथ भेदभाव हुआ है।

दूसरी वजह है कि बलूचिस्तान के लोग मानते हैं कि उनके संसाधनों पर कब्जा हो रहा है और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। बलूचिस्तान का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यह ईरान और अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर स्थित है और इसलिए भी यह पाकिस्तान के लिए रणनीतिक लिहाज से अहम है लेकिन पाकिस्तान के बाकी हिस्सों की तुलना में यहां के लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं।इस वजह से बलूचिस्तान के लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि पाकिस्तान में उनके साथ नाइंसाफी हो रही है और उन्हें अलग देश दिया जाना चाहिए जिससे वे अपने संसाधनों का इस्तेमाल कर सकें। उनका तर्क है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का ज्यादातर फायदा पाकिस्तान के पंजाब के लोगों को मिलता है। उदाहरण के लिए जैसे चीन के द्वारा बनाए जा रहे ग्वादर पार्ट में अरबों रुपए का निवेश हुआ है लेकिन इससे बलूचिस्तान को फायदा नहीं मिला है बल्कि पंजाबी और सिंधी इंजीनियरों को यहां काम पर रखा गया। इस वजह से कई बार बलूच लड़ाकों ने पंजाब के लोगों को निशाना बनाया है।अब लगता है कि बलूची आर पार की लड़ाई के मूड में है और वह अलग बलूचिस्तान लेकर ही मानेंगे

## पाकुड़ की खबरें

## निकाला गया फ्लैग मार्च

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**पाकुड़ ।** पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशानुसार आगामी त्योहारों होली और रमजान को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एसडीपीओ दयानंद आजाद के नेतृत्व में बुधवार को भारी पुलिस बल के साथ नगर थाना से शुरू होकर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। एसडीपीओ ने चौक चौराहों पर सभी से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। सोशल मीडिया सेल भ्रामक खबरें और भड़काऊ टिप्पणियां फैलाने वालों पर कड़ी नजर रख रही है। बॉर्डर एरिया में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। होली पर्व व होली के दिन होने वाले जुम्मे की नमाज को लेकर शहर में शांति व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च किया जा रहा है ।आज संवेदनशील इलाकों का दौरा करेंगे गुरुवार को नगर में फलैग मार्च निकाला जाएगा और यह फ्लैग मार्च सभी थाना क्षेत्र में होगा ।जुम्मे की नमाज व होली पर्व दोनों एक ही दिन है उसको देखते हुए को देखते हुए विशेष निगरानी रखी जाएगी । नशे में धूत हुड़दंगियों को बक्सा नहीं जाएगा । होली आपसी भाईचारें का पर्व है इसे शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए ।

कालाजार के मरीजों को गंभीरता से मॉनेटरिंगकरेंः डीसी पाकुड़। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार ने बुधवार को कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम की निगरानी को लेकर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की। पूर्व के वर्षों से लगातार जिले में कालाजार मरीजों की संख्या में कमी आयी है। जिले में आइआरएस एक्टिविटी स्वास्थ्य विभाग की ओर से आने वाले दिनों में चलाया जाएगा। इसके लिए टीम गठित कर ली गई है। टीम को छिड़काव संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। उपायुक्त ने कालाजार के मामलों को गंभीरता से मानीटरिंग करने को सम्बंधित अधिकारियों को कहा। पीकेडीएल मरीजों का संपूर्ण इलाज हो इसे सुनिश्चित करें। इससे घबड़ाने की जरूरत नहीं है। कालाजार मरीजों की गंभीरता से मानिटरिंग करें। कोशिश करें कि कोई छिपा हुआ मामला नहीं रहे। ताकि आगे जिले का प्रखंड कालाजार इन्डिमिक सिटी के मानचित्र में नहीं रहे। जिन्हें पंद्रह दिन से ज्यादा बुखार हो उन्हें चिन्हित कर सही उपचार उपलब्ध कराएं। कालाजार उन्मूलन अभियान के सफल संचालन में एमपीडब्ल्यू, सहिया, आंगनबाड़ी कर्मी, जलसहिया एवं जेएसएलपीएस की अहम भूमिका है। सभी से समन्वय स्थापित कर लोगों को कालाजार एवं इसके उपचार के प्रति जागरूक करें। आइआरएस छिड़काव कार्य में राजस्व ग्राम प्रधानों के माध्यम से भी ग्रामीणो को जागरूक करने को कहा। उपायुक्त ने वीएल एवं पीकेडीएल मरीजों को दी जाने वाली राशि का भुगतान अविलंब करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को छिड़काव कार्यक्रम का चार्ट तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा। ताकि जब टीम क्षेत्र में आइआरएस कीटनाशक छिड़काव के लिए जाए तो कोई परेशानी ना हो। यदि कार्य करने में कोई परेशानी हो तो तुरंत विभाग को सूचित करें। चार्ट पंचायत प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ0 मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ के.के सिंह, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार, सभी प्रखंडों के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की दुकानों में खाद्य पदार्थो की जांच

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



हिरणपुर (पाकुड़ )बाजार स्थित विभिन्न खाद्य पदार्थो की जांच खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा किया गया। जांच के क्रम में कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, मसाले के पैकेट इत्यादि की जांच की गई। जांच के क्रम में एक दुकान से 10 ग्राम वाले 29 मिर्च पैकेट एक्सपायर पाया गया जिसे नोटिस देते हुए नष्ट करवा दिया गया। निरीक्षण के दौरान छेना, खोवा, तेल एवं अन्य मिठाई का नमूना संग्रह किया गया उसे जांच हेतु खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जाएगा। बताया गया कि कुछ खाद्य कारोबारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठान में फूड लाइसेंस पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं किया गया तथा अखबारों का इस्तेमाल खाद्य सामग्री ढकने में करता हुआ पाया गया। कुछ दुकानों में गंदगी पाई गई। सभी को नोटिस देते हुए अग्रसर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लड्डू, जलेबी, आलू चोप, पकोड़ी एवं हल्दी में रंगों की जांच की गई।

## अंगिका समाज द्वारा होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**पाकुड़।** अंगिका समाज अंग पाकुड़ के तत्वावधान में अंगिका मिलन सह सम्मान समारोह - 2025 का महेन्द्र मिश्र, डॉ. बिन्दुभूषण, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, रमेश चन्द्र सिंह, सिताबी राय, भागीरथ तिवारी, डॉ. मनोहर कुमार, कैलाश झा, संजय कुमार शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने अपने सम्बोधन में समस्त आगन्तुकों का हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत कर अंगिका समाज के अतीत व वर्त्तमान पर विशेष चर्चा करते हुए बताया कि अंगिका समाज के द्वारा नारायण सेवा, गरीब कन्या की शादी मे सहयोग, अनाथालय में भोजन का सहयोग, स्वास्थ्य सहायता, योग कक्षाएं ,आदि कार्य किए जाते रहे हैं। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेन्द्र मिश्र ने सम्बोधन मे कहा कि अंग क्षेत्र का इतिहास अति प्राचीन है।बाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि त्रेता युग में अंग देश के राजा रोमपाद थे।जो राजा दशरथ के मित्र थे। द्वापर में कृष्ण अवतार लिए, इस काल में दुर्योधन ने अपने मित्र कर्ण को अंग देश का राजा बनवाया था,अंग देश की राजधानी भागलपुर था।भागलपुर का कर्ण गढ़ इसका प्रमाण है। सुपौल के समदा में भी कर्णगढ़ है।डॉ. बिन्दुभूषण , रमेश चंद्र सिंह, जन संपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, ने अपने सम्बोधन में कहा कि 7 वीं सदी में वामन जयादित्य द्वारा रचित ग्रन्थ कोशिका वृत्ति में उल्लेख है कि प्राचीन भारत के 16 महाजनपदों में एक अंग महाजनपद था और इसकी प्रचलित भाषा आंगी थी।जो आगे जाकर अंगिका में परिणत हो गया ,आज भी हमलोग अंगिका में ही बोलते हैं ।64 लिपियों की सूची में अंग लिपियों की सूची में अंग लिपि चतुर्थ स्थान पर अंकित हैं । अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानितअंगिका समाज होली मिलन सह सम्मान समारोह डॉ. बिन्दूभूषण, राहुल कुमार अंग गौरव रत्न सम्मान, महेन्द्र मिश्र- सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, श्यामनगर, अंग साहित्य सेवा भूषण , रमेश चन्द्र सिंह- सेवानिवृत्त सिविल अभियन्ता, दुर्गा कॉलोनी, अंगिका सेवा रत्न सम्मान, हिसाबी राय- रेलवे कॉलोनी, रंजू ठाकुर सामाजिक, छोटी अलिगंज, रुमा सिंह- कला के क्षेत्र में-अंगिका सेवा रत्न , शॉल, मोमेंटो एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया ।अध्यक्ष डॉ. मनोहर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर सम्मान समारोह के समापन कर होली मिलन समारोह का आगाज किया।,कैलाश झा ,श्याम झा, अजय झा, राजीव झा, रमेश चन्द्र सिंह, संजय शुक्ला, मिथिलेश सिन्हा, नन्द किशोर सिन्हा ने अपनी गायन से होली मिलन समारोह को मनोरम बना दिया । कलाकृति केन्द्र पाकुड के तान्या सिंह, अनु के द्वारा शिव ( होली नृत्य) गीत होली वह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ उठाया कार्यक्रम में अंगिका समाज सहित समाज के दर्जनों गण्य-माण्य उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में कैंसर जांच के लिए खरीदी गयी कॉल्पोस्कोप मशीन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़।मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रखरखाव योजना बन रहा वरदान पाकुड़ मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रखरखाव योजना सोनाजोड़ी सदर अस्पताल के लिए वरदान साबित हो रहा है इस योजना से अस्पताल के संचालन में काफी मदद मिल रही है अस्पताल में कैंसर की जांच को लेकर कोल्पोस्कोप मशीन खरीदी गयी है।इस मशीन के माध्यम से कैंसर की जांच की जा रही है। यह जानकारी अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार ने दी बताया कि मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रखरखाव योजना के तहत नये-नये उपकरण खरीदे गये हैं। इनमें से एक प्रमुख उपकरण कैंसर जांच के लिए कोल्पोस्कोप मशीन है. बताया कि अब तक 150 मरीजों की जांच की जा चुकी है। इसमें 15 सस्पेक्टेड मरीज पाये गये हैं वही दो कैंसर के मरीज पाए गए हैं, जिसे मुख्यमंत्री गंभीर उपचार योजना के तहत इलाज कराया जा रहा है। बताया कि इस योजना के तहत अस्पताल में रोगियों के बैठने के लिए व्यवस्था, दवा, अग्निशमन यंत्र, पौधरोपण व बागवानी, शौचालय, अस्पताल परिसर की साफ सफाई, रंग-रोहन व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त की गयी है।अस्पताल के मुख्य द्वार से अस्पताल परिसर तक बिजली की समुचित व्यवस्था की गयी है, ताकि आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो बताया कि आंखों का ऑपरेशन सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में नहीं होता था।लंबे समय से बंद था,आंख का इलाज कराने के लिए आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए इस योजना के तहत आंखों के ऑपरेशन के लिए रूम तैयार किये जा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब रोगियों को आंख का ऑपरेशन सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में किया जायेगा। उपायुक्त व सिविल सर्जन की पहल पर आंख के इलाज के लिए एक डॉक्टर राज्य सरकार की ओर से नियुक्ति किये गये

## एसडीओ ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथकी बैठक

**पाकुड़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन 4 से 05 मार्च को हुआ थे । मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग पदाधिकारियों को राजनितिक दलों के प्रति सुलभ एव उत्तरदायी होने के साथ-साथ पारदर्शी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया था।बुधवार को पाकुड़ के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी 04-लिट्टीपाड़ा (अ?ज?जा?) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी साइमन मरांडी ने राजनीतिक दलों के साथ कार्यालय कक्ष में बैठक की । बैठक में सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी ने हिस्सा लिया । एसडीओ ने बताया कि नगर परिषद का चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है । जिसमें नाम जोड़ने नाम हटाने, जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं वैसे लोगों की सूची जारी की जा रही है उसमें सुधार करवायें ।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी स्कूली बच्चों,आचार्यों एवं दीदीजी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।साथ ही सभी बच्चों ने आचार्य व दीदी जी का पैर छू कर आशीर्वाद भी लिए।विद्यालय के आचार्य ब्रह्मचारी मुकेश कुमार ने बच्चो के बीच कह?

## प्रतिबंधित गुटका बेच रहे विभिन्न दुकानों का बीडीओ ने की जांच

पाकुड़िया (पाकुड़ ) प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने बुधवार को बाजार सहित प्रखंड के डोमन गड़िया एवं पलियादाहा गांव में प्रतिबंधित गुटका जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 26 दुकानों की सघन जांच की गई। जिसमें 10 दुकानों में गुटखा तंबाकू आदि पाया गया गुटखा पाए गए सभी दुकानदारों पर 200 रूपया करके दंड लगाकर कुल 2000 रुपया की दंड राशि वसूली गई। साथ ही सभी दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में गुटखा तंबाकू निर्मित सामग्री नहीं बचने की सख्त हिदायत दी गई। बहरहाल जांच से दुकानदारों के बीच हड़कंप देखा गया। मौके पर प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी सहायक अभियंता रोहित कुमार ,कनीय अभियंता लालू रविदास एवं सहायक एवंअवर निरीक्षक मौजूद थे।

## युवक की हत्या मामले में दो नामजद सहित पांच अज्ञात पर मामला दर्ज

पाकुड़। युवक बेमिसाल मरांडी की हत्या मामले में मृतक के पिता रसीक मरांडी ने आवेदन दे कर मृतक के तलाकशुदा पत्नी उसकी सहेली सहित पांच अज्ञात के खिलाफ मुफ्फसिल थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के परिजन ने थाना में आवेदन देखर बताया कि रविवार की रात को मृतका युवक बेमिसाल मरांडी अपनी तलाकशुदा पत्नी मेलो सोरेन से मिलने सेजा गांव के ही सोना हांसदा के घर गयी थी। इसी दौरान दोनों के बीच बहस हो गया था। इसके बाद कुछ बदमाशों को लेकर बेमिसाल के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर घायल अवस्था मे गांव स्थित खेत मे फेक दिया था। सोमवार सुबह जब लोग खेत के तरफ गया तो देखा कि बेमिसाल मरांडी खेत मे पड़ा हुआ है। लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दिया। परिजनो ने ईलाज के लिए सदर अस्पताल ले गया। जहां बेहतर ईलाज के लिए दुमका रेफर कर दिया था। दुमका जाने के दौरान रास्ते मे ही दम तोड़ दिया था। मामले को लेकर मृतक ने पूरी घटना की जानकारी परिजनों को घायल अवस्था मे दिया था।

## होली को लेकर बाजारों में सजी दुकानें

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**पाकुड़ ।** होली को लेकर जिलेभर में उत्साह उमंग और हर्षोल्लास का माहौल है। जगह-जगह पार्टी संस्था के ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अधिकांश विद्यालयों में भी 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बाजारों में होली का रंग बढ़ चढ़कर आवाज़ दे रही है। रंग अबीर गुलाल तरह तरह के गुब्बारे, पिचकारी मुखौटा केमिकल युक्त रंग, आदि से पूरा बाजार फट गया है। लोगों को रंग अबीर के साथ-साथ पजामा और पंजाबी भी लेते देखा गया।बाजारों में दुकानों में मकान में घरों में होली के दिन दिल खिल जाते हैं रंगों से रंग मिल जाते हैं दुश्मन भी गले मिल जाते हैं गानों से पूरा माहौल होली के उत्साह में चार चांद लगा रहा है । जिले में 14 एवं 15 मार्च को होली मनाई जाएगी । इसके पूर्व होलिका दहन का कार्यक्रम होगा। पाकुड़ रा मेला मैदान में इसका भव्य आयोजन किया गया है। शहर से लेकर ग्राम तक होली की धूम है। बाजारों में चाइनीस रंग एवं एक से एक पिचकारी उपलब्ध है। लोगों की पसंद भारतीय समान पर है। किंतु दामों ने उनकी कमर तोड़ रखी है।

## समन्वयक आनंद प्रकाश ने सभी पेसा मोबिलाईजर के साथ बैठक की

पाकुड़। प्रखंड समन्वयक ने राज्य सरकार द्वारा 26 जनवरी 2025 से शुरू की गई योजना ÷हमारी परम्परा-हमारी विरासत÷ के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया कि इस योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजातियों के बहुस्तरीय पारम्परिक अनुसूचित स्वशासन व्यवस्था से संबंधित साँस्कृतिक धरोहर,परम्पराओं, रूढ़ियों आदि के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए शपथ लिया जाना है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में निवास करने वाले विभिन्न अनुसूचित जनजातीय समुदाय के बहुस्तरीय पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था की विवरणी (मैपिंग) तथा उससे संबंधित परम्पराओं, साँस्कृतिक धरोहर, लोकगीत, त्यौहार, पूजा पद्धति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं अगले पीढ़ी तक पहुँचाना है। उक्त के आलोक में प्रखंड में अवस्थित सभी पारम्परिक गाँवों मेंपरम्परागत नेतृत्व (ग्राम प्रधान, मुण्डा, मानकी, माँझी,परगनैत) की अगुवाई में संलग्न प्रारूप के अनुरूप संकल्प/ शपथ लेने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## बोधगया में आयोजित प्रशिक्षण में पाकुड़ से 14 मुखिया लेंगे भाग

**पाकुड़ ।** पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रबंधन विकास कार्यक्रम के तहत आई आई एम बौद्धगया में आयोजित होने वाले 17 मार्च से 21 मार्च तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रखंड अमड़ापाड़ा से साहेबजन टुडू, ग्राम पंचायत- जराकी, सोम मरांडी, ग्राम पंचायत- जामुगड़िया, प्रखंड हिरणपुर से नायका सोरेन,ग्राम पंचायत-घाघरजानी, स्टेफ़न मुर्मू, ग्राम पंचायत- केंदुआ, प्रखंड लिट्टीपाड़ा से शिव टुडू, ग्राम पंचायत- लिट्टीपाड़ा, श्री रामधन मुर्मू , ग्राम पंचायत-नवाडीह, जोसफ मालतो,ग्राम पंचायत- जोरडीहा, समीर किस्कु, ग्राम पंचायत- बीचमहल, प्रखंड महेशपुर से मनोज मरांडी, ग्राम पंचायत- देवीनगर, श्री साईमन हेम्ब्रम ग्राम पंचायत-बाबूदाहा, सुनिराम मुर्मू , ग्राम पंचायत- गायबथान, जोगेश्वर हेम्ब्रम, ग्राम पंचायत- बड़कियारी, प्रखंड पाकुड़ से हजरत बेलाल, ग्राम पंचायत- नवादा अब्दुस समद, ग्राम पंचायत- इलामी से कुल 14 मुखिया भाग लेंगे।

## चोरी मामले का आरोपी गिरफ्तार

हिरणपुर (पाकुड़ ) वन विभाग कार्यालय के समीप स्थित आइडियल कंस्ट्रक्शन कार्यालय में बीते 17 जनवरी को हुई चोरी मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन और नकद भी बरामद किया है। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में सूरज दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।उसकी निशानदेही पर अन्य पांच आरोपियों के नाम सामने आए थे।मंगलवार को गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के निर्देश पर दो टीमों का गठन किया गया।


### दक्षिण पूर्व रेलवे, ठिका़

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन, उप सीएसटीई/वर्क्स/एचक्यू/जीआरसी,दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता-700043, **ठिका़ संख्या- एसटी-पीएसईआर-2025-एमपीएल-वीओआईपी-4** लागित् ई-ठिका़ नेवतायेत् काना, नोआ रेयाक् मुचात् तारीक/सोमोय 10.04.2025 हिलोक् 11.30 बजे काना। बोलीदाात आपनार मूल/सुधाराकात् बोली दो एकेन मुचात् तारीक आर सोमोय हाबिच् तेको जामा दाड़ेयाक्आ। नोआ ठिका़ लागित् मैनुअल दारखास रेयाक् मुंजूरी दो बानुक्आ, आर जाम आकान जाहां लेकनाक् मैनुअल दारखास दो बाङ धियानाक्आः **क्रम सं.: 1; ई-ठिका़ खोबोर संख्याः एसटी-पी-एसईआर-2025-एमपीएल-वीओआईपी-4, माहित 11/03/2025; कामीरेयाक् बानाडायः** दक्षिण पूर्व रेलवे रेयाक् आद्रा, खड़गपुर, रांचीआर चक्रधरपुर मंडल रे एकीकृत संचार बैकबोन आर वीओआईपीआधारित ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली (टीसीसीएस) लागित्आईपी-एमपीएलएस तकनीक रेयाक् आपूर्ति, थापना, बिड़ाउ आर कमीशनिंग; **कामी रेयाक् मोट पूंजी (रु. रे): रु 58,79,15,414.89; बायना पायसा (रु. रे):** रु 30,89,600.00; **मुचात् तारीक आर सोमोय:**10.04.2025 हिलोक् 11.30 बजे। नोआ ठिका़ लागित् बांड़ती बानाडाय दोलाहा रे गे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे उछा़न चुका़वाकादा। **(PR-1229)**

# होली स्पेशल ट्रेनों को लेकर मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** होली के त्योहार को देखते हुए पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने स्पेशल ट्रेनों के सुचारू संचालन के लिए व्यापक भीड़ प्रबंधन उपाय लागू किए हैं। त्योहार के दौरान यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए, मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आज 12 मार्च को शाम 6:30 बजे 03513 आसनसोल जंक्शन-गोरखपुर अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन रवाना होने वाली थी। इस ट्रेन में सुगम



बोर्डिंग के लिए रेलवे प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां कर ली थीं। भीड़भाड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए आसनसोल जंक्शन के बाहर एक कवर्ड वेटिंग एरिया बनाया गया है, और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन रैक को पहले से तैनात किया गया था। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने कई विशेष कदम उठाए हैं। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है, ताकि यात्री भीड़ को निर्यंत्रित किया जा सके। कतारों को व्यवस्थित रखने और भीड़भाड़ से बचाने के लिए सुरक्षा कर्मी चौकसी बरत रहे हैं। साथ ही बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए आसनसोल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। इन प्रमुख स्टेशनों पर प्रतीक्षा क्षेत्र का भी विस्तार किया गया है ताकि यात्रियों को बैठने और रुकने की उचित सुविधा मिल सके। 13 मार्च को रवाना होने वाली प्रमुख होली स्पेशल ट्रेनें में 02827 शालीमार-दरभंगा,08183 टाटानगर-बक्सर 08105 रांची-जयनगर,08181 टाटानगर-कटिहार ये सभी ट्रेनों विभिन्न स्टेशनों से गुजरेंगी या वहीं से रवाना होंगी। यात्रियों को इन ट्रेनों की सही जानकारी देने के लिए घोषणा प्रणाली को सक्रिय किया गया है।

## पुलिस पर हमले और रोड जाम का आरोपी पप्पू मिश्रा गिरफ्तार

**देवघर।** पुलिस पर हमला करने और सड़क जाम करने के मामले में आरोपी पप्पू कुमार मिश्रा 42 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। मामला कुंडा थाना कांड संख्या- 62/25 के तहत दर्ज किया गया था। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी पप्पू कुमार मिश्रा पिता- स्व. ललित नारायण मिश्रा, निवासी उजाला चौक, करनी बाग, थाना कुंडा, जिला देवघर पर पुलिस पर हमला करने और सड़क जाम करने का आरोप है।कुंडा थाना पुलिस ने जांच के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार किया और कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## रंग बरसे भींगे चुनर वाली पर झूमे कुर्मी महासभा के सदस्य

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** बुधवार को स्थानीय बैजनाथपुर तपोवन मार्ग में स्थित लक्ष्मी गार्डेन में झारखंड कुर्मी महासभा की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की शुभकामना दी। साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखते हुए रंग बरसे भींगे चुनर वाली... गीत पर जमकर ठुमके लगाए। इसके अलावा जैसे जैसे समय बीतता गया लोगों में होली का खुमार सर चढ़कर बोला। जिसमें मोहे रंग दे लाल, रंगों की गोली, कजरा लगा के गजरा सजा के. गीत पर महासभा के लोग मस्ती में झूमते नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड कुर्मी महासभा के देवघर जिला अध्यक्ष सह प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मौके पर महासभा के वरिष्ठ संरक्षक केकेपी राय, महासभा के महासचिव मनोज राव, अभिषेक कुमार, भूषण



राउत, सोनू राउत, रवि राउत, प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ पूजा राय, रेणु रंजन, मृत्युंजय राउत, रवि शंकर राउत, पपलू राउत, प्रहलाद राउत, राजकुमार जयसवाल, मुकेश कुमार राउत, शंकर राउत, विजय राउत, संजय राउत, सुधारक राउत, आनंद कुमार, मोनू राउत, मनीष राउत, दीपक राउत, प्रभात राव, पवन राउत सहित झारखंड कुर्मी महासभा के सदस्य व महिला पुरूष भारी संख्या में उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बाबा मंदिर क्षेत्र खुदरा दुकानदार संघ की ओर से मंगलवार को मंदिर क्षेत्र के मारवाड़ी कंवर संघ के समीप होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता सुभाष गुप्ता ने की इस दौरान



दुकानदारों ने एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी मौके पर संघ के संरक्षक चंदन साह,उपाध्यक्ष सुभाष केसरी,रंजय केसरी,महामंत्री राजाराम केसरी, मंत्री सनी केसरी,मणिशंकर केसरी,सचिव रविचंद्र साह, कोषाध्यक्ष बासुकीनाथ केसरी, मीडिया प्रभारी रोहनलाल पटवा,चंदन गुप्ता,नवीन गुप्ता, अजय मोदी,सूरज केसरी,राजीव केसरी,कृष्णा गुप्ता,केशव गुप्ता, रोहित केशरी,विक्की रावत,गोपाल केसरी, बजरंगी केसरी आदि सैकड़ो दुकानदार उपस्थित थे।

## नाबालिग को भगाने के मामले में केस दर्ज

**देवघर।** खागा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें शादी की नीयत से उसकी बेटी को ले जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में खागा थाना कांड संख्या- 10/25, बी.एन.एस. के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपितों में दुमका जिले के टोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसकुली गांव निवासी जित कुमार दे,पिता चंचल दे,रिंदु दे पति- चंचल दे,चंचल दे,प्रतिमा देवी पति- झंदु दे को नामजद किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## विद्यालय में चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

**देवघर।** खागा थाना क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय, महतोडीह में चोरी की घटना सामने आई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार महतो ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर बैटरी, प्रिंटर, यूपीएस और स्टेबलाइजर चुरा लिया। इस मामले में खागा थाना कांड संख्या- 12/25, बी.एन.एस. के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, चोरों ने विद्यालय के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे तकनीकी उपकरणों को चोरी कर लिया। विद्यालय प्रशासन को सुबह इस घटना की जानकारी मिली, जब स्कूल के कर्मचारी पहुंचे और दरवाजा टूटा हुआ पाया। इधर विद्यालय प्रशासन द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस जांच में जुटी हुई है और अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।

## शंकर नेत्रालय ने निकाली जागरूकता रैली

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** वर्ल्ड ग्लूकोमा डे के अवसर पर बैद्यनाथ शंकर नेत्रालय के तत्वावधान में एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह जागरूकता रैली बाजला चौक अवस्थित बैद्यनाथ




शंकर नेत्रालय से निकलकर टावर चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा के दौरान सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ एन डी मिश्रा ने बताया कि साधारण मोतियाबिंद की बीमारी सर्जरी के बाद पूर्णतः समाप्त हो जाती है। लेकिन ग्लूकोमा जिसे काला मोतिया भी कहते हैं एक ऐसी बीमारी है। जिसमे मरीज को पता भी नहीं चलता और उसकी आँख की रौशनी धीरे धीरे समाप्त हो जाती है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बीमारी के कारण जब आँख की रौशनी कम होने लगती है तो उसे वापस नहीं किया जा सकता, सिर्फ उसके ख़राब होने के गति को रोका जा सकता है। इसलिए इस बीमारी से बचाव ही इसका इलाज है। मौके पर रजनीकांत, रंजन राज, बसंत,शिवम,अंकित,नीरज,अभय देव,आनंद सिन्हा,रोशन झा,प्रीतम, दीनानाथ,प्रकाश झा इत्यादि उपस्थित थे।

## होली एक हिंदू त्यौहार है जो खुशी, एकजुटता और सकारात्मकता का प्रतीक है : डॉ. प्रदीप

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** होली हमारे देश भारत के सबसे हर्षोल्लासपूर्ण और रंगीन त्योहारों में से एक है। इसे ÷रंगों का त्योहार÷ भी कहा जाता है। देश भर में और यहाँ तक कि दुनिया के कुछ अन्य हिस्सों में भी लोग इस त्योहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। मौके पर स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा- होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत के आगमन का प्रतीक है। यह पर्व हिंदू महीने फाल्गुन की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इस वर्ष 2025 में होली शुक्रवार, 14 मार्च को मनाई जाएगी। हालाँकि, होली का जश्न एक दिन पहले होलिका दहन के साथ शुरू होता है , जिसे छोटी होली भी कहा जाता है। पंचांग के अनुसार,फाल्गुन पूर्णिमा की तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से होगी। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगा।


**Baba Laxmi Narayan Sewa Samiti (BLNSS)**

At- Saraswati Sadan, Durgabari, Hardala Kund,
Dist- Deoghar, – 814112 (Jharkhand)
Email- blnsevasamiti@gmail.com, Mob. No.- 8210173685

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**

BLNSS is a registered society under Act, 1860 has received grant-in-aid from Ministry of Textiles, GOI, O/o DC(Handicrafts) to distribute 50 sets of improved toolkits to Lac Bangle artisans. BLNSS invites EOI from the agencies / firm for supply of Tool Kits for Lac Bangle Craft as per the detailed specifications given in the scope of work/Terms of Reference (TOR). Interested agencies may submit EOI along with financial quotes on above address. Last date for submission of EOI shall be within 07 days from this publication.



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर**
**(जिला कल्याण कार्यालय)**

दूरभाष सं० :06432-234830 फैक्स :06432-232967 ई-मेल : dwo-deoghar@jharkhandmail.gov.in

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में देवघर जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रावासों में प्रयोग होने वाले बर्त्तन/उपस्कर का क्रय करने के लिए नमूना के साथ मुहर बंद निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक–22.03.2025 समय 12:00 बजे दिन तक आमंत्रित की जाती है, निविदा जिला कल्याण कार्यालय, देवघर के कार्यालय कक्ष में निर्धारित तिथि एवं समय तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जायेगा। निविदा दिनांक–22.03.2025 को समय 03:00 बजे अप0 में उप विकास आयुक्त, देवघर के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा में आपूर्ति की जानेवाली बर्त्तन का नाम एवं शर्ते जिला कल्याण कार्यालय, देवघर के सूचना पट्ट पर एवं www.jharkhand.gov.in/ www.deoghar.nic.in में देखा जा सकता है।

**बर्त्तन / उपस्कर**

| क्र० | सामग्री का नाम | क्र० | सामग्री का नाम | क्र० | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टील थाली | 11 | अल्मुनियम का डेकची (ढक्कन सहित) | 21 | गद्दा (Kurlon/sleepwell Mattress) (6x3) |
| 2 | स्टील ग्लास | 12 | लोहे का बड़ा छोलनी | 22 | कुर्सी (Nilkamal/Supreme) |
| 3 | स्टील कटोरी | 13 | लोहे का बड़ा डब्बु | 23 | टेबुल (Nilkamal /Supreme) |
| 4 | स्टील जग | 14 | लोहे का बड़ा झंझरा | 24 | मच्छरदानी |
| 5 | स्टील पंजा | 15 | लोहे का कड़ाही | 25 | दरी |
| 6 | स्टील का जालीदार बड़ा छनना | 16 | लोहे का खल मुसल | 26 | बेडसीट |
| 7 | लोहे का बाल्टी 12'' | 17 | लोहे का तावा | 27 | तकिया (कभर सहित) |
| 8 | लोहे का बाल्टी 10'' | 18 | लोहे का हसुआ | 28 | एल0ई0डी0 बल्ब 9 वाट (ब्राण्डेड कम्पनी का) |
| 9 | अल्मुनियम डेग (ढक्कन सहित) | 19 | चकला बेलन | 29 | पंखा(Orient/Crompton/Roxy) |
| 10 | अल्मुनियम का कड़ाही | 20 | लोहे का कोर्ट 1.5'' GI IRON FRAMING एवं टॉप (Ply) पलाई का(6x3) | 30 | बुक सेल्फ 4'X3'X1.5/3 Levels |

**निविदा के शर्ते :–**

1. निविदादाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 25,000.00 (पच्चीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जिला कल्याण पदाधिकारी, देवघर के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा।
2. अंकित दर में ही SGST/CGST की राशि सन्निहित होगी।
3. निविदादाता को GST में निबंधन का प्रमाण–पत्र देना आवश्यक है।
4. निविदादाता का GST का अद्यतन रिर्टन प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा।
5. उपायुक्त के स्तर से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा।
6. निविदादाता अल्मुनियम एवं लोहे का दर प्रति किलो की दर से अंकित करेंगें।
7. निविदादाता का फर्म काली सूची में दर्ज नहीं है उसका एक शपथ पत्र देना आवश्यक होगा।
8. निविदिदाता को सामग्रियों का विक्रेता प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। उक्त प्रमाण पत्र के बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. निविदादाता द्वारा आयकर विभाग में अद्यतन दाखिल विवरणी एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 का रिर्टन प्रमाण पत्र देना होगा।
10. निविदादाता आमंत्रित निविदा में एक सामान का एक ही दर अंकित करेंगें।
11. निविदादाता को तकनीकी कागजात से संबंधित लिफाफा एवं वित्तीय लिफाफा अलग–अलग कर एक लिफाफा में डालना है।
12. निविदा में दर्शायी गयी सामग्रियों के क्रम के अनुसार ही सामग्री का दर अंकित करेंगे।
13. निविदादाता को नमूना निविदा के साथ लाना होगा, नमूना के बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. स्वीकृत निविदादाता को बर्त्तन की आपूर्ति विद्यालय / कल्याण विभागीय छात्रावास तक पहुँचा कर करना होगा। इसके लिए अलग से किसी प्रकार का हथालन एवं परिवहन शुल्य देय नहीं होगा।
15. बिना अग्रधन एवं निविदा की शर्त्त के अनुसार कोई भी कागजात की कमी पाये जाने पर प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं समिति का निर्णय अंतिम होगा।
16. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

PR.NO.348478 Deoghar(24-25):D — जिला कल्याण पदाधिकारी, देवघर।



**समाहरणालय, गोड्डा (जिला भू-अर्जन शाखा)**
E-Mail- goddadlao3@gmail.com

प्रपत्र VI
प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
संख्या– 50/2024-25 (पथ) 594 / भूअ0 गोड्डा दिनांक :–10.03.2025

चूँकि उपायुक्त, गोड्डा को यह प्रतीत होता है कि मौजा– कुसडीहा, थाना नं0– 718, अंचल– महागामा, जिला– गोड्डा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना मोहनपुर (NH- 133) से करमाटाँड़ पथ भाया सिन्री पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है। सरकार के अधिसूचना संख्या– 628, राँची, दिनांक– 29.06.2018 के द्वारा पथ निर्माण योजना (रेखीय परियोजना) को सामाजिक अंकेक्षण से विमुक्त किया गया है।

विस्तृत प्रतिवेदन गोड्डा जिले के वेबसाइट:- www.godda.nic.in पर देखा जा सकता है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– कुसडीहा, थाना नं0– 718, अंचल– महागामा, जिला– गोड्डा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.207** एकड़ यानि ..... हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हिस्से की भूमि का रकवा (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 9 | 12 | निजी | धानी II | 0.027 | 0.0135 | तालामय किस्कू, पति–स्व0 गुरू हेम्ब्रम | पथ | 12 | छोटा खदहरा | 14 |
| 2 | | | | | | 0.0135 | होपनमय किस्कू, पति–स्व0 गुरू हेम्ब्रम | | | | |
| 3 | 9 | 14 | निजी | बाड़ी I | 0.038 | 0.0095 | तालामय किस्कू, पति–स्व0 गुरू हेम्ब्रम | पथ | 14 | 12 | पथ |
| 4 | | | | | | 0.0095 | होपनमय किस्कू, पति–स्व0 गुरू हेम्ब्रम | | | | |
| 5 | | | | | | 0.019 | मरांगमय मुर्मू, पति– स्व0 चन्दर | | | | |
| 6 | 11 | 9 | निजी | धानी I | 0.026 | 0.00325 | शांति देवी, पिता– स्व0 हरिहर भगत | 9 | पथ | 10 | 104 |
| 7 | | | | | | 0.00325 | चिंता देवी, पिता– स्व0 हरिहर भगत | | | | |
| 8 | | | | | | 0.0065 | संतोष भगत, पिता–स्व0 मोतीलाल भगत | | | | |
| 9 | | | | | | 0.013 | घनश्याम भगत, पिता–स्व0 शंकर भगत | | | | |
| 10 | 14/1 | 8 | निजी | मकान में सहन | 0.014 | 0.014 | जमाबन्दी रैयत लाली गोप, पिता– ननकु गोप के वारिसान। | पथ | 104 | 8 | पथ |
| 11 | 14/2 | 7 | निजी | मकान में सहन | 0.023 | 0.023 | अधियाचित भूमि गंगा प्रसाद विमल के द्वारा केवाला डीड के माध्यम से शिवपूजन भगत से क्रय किया गया है। प्रश्नगत भूमि को लेकर सब जज, गोड्डा के न्यायालय में टाईटल सूट के नं0– 39/2009 नवीन कुमार जायसवाल बनाम् इन्द्रदेव भगत एवं अन्य वाद विचाराधीन है। स्वत्व निस्तारण उपरान्त अधियाचित भूमि का हितबद्ध सूची तैयार किया जा सकता है। | पथ | 7 | पथ | 1 |
| 12 | 14/3 | 1 | निजी | बाड़ी I | 0.025 | 0.025 | जमाबन्दी रैयत मो0 रूकमनी जोजे गयादिन चौधरी (नावल्द मृत) के वारिसान। | पथ | 1 | 7 | खदहरा माल |
| 13 | 14/4 | 10 | निजी | मकान में सहन | 0.033 | 0.033 | घनश्याम भगत, पिता– स्व0 शंकर भगत | 10 | पथ | छोटा खदहरा | 9 |
| 14 | | 104 | निजी | बाड़ी I | 0.021 | 0.021 | | 8 | पथ | 104 | पथ |
| | | | | कुल :– | 0.207 | 0.207 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। उपायुक्त, गोड्डा उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा / अंचल अधिकारी, महागामा और उनके कर्मचारी– अंचल निरीक्षक / अमीन / संबंधित राजस्व कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR.NO.348438 Land Reforms(24-25):D — उपायुक्त, गोड्डा।



**समाहरणालय, गोड्डा।**
(जिला भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VI
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
संख्या– 37/2018-19 (पथ) 587 / भूअ0 गोड्डा — दिनांक :– 10.03.2025

चूँकि उपायुक्त, गोड्डा को यह प्रतीत होता है कि मौजा– दुआरीचक सीट नं0– 01, थाना नं0– 141, अंचल– पथरगामा, जिला– गोड्डा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पथरगामा–बाँसजोरी–राजाभीट्टा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है, सरकार के अधिसूचना संख्या– 628, राँची, दिनांक– 29.06.2018 के द्वारा निर्माण योजना (रेखीय परियोजना) को सामाजिक अंकेक्षण से विमुक्त किया गया है।

विस्तृत प्रतिवेदन गोड्डा जिले के वेबसाइट:- www.godda.nic.in पर देखा जा सकता है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– दुआरीचक सीट नं0– 01, थाना नं0– 141, अंचल– पथरगामा, जिला– गोड्डा, में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.055** एकड़ यानि ..... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

मौजा– दुआरीचक सीट नं0– 01, थाना नं0– 141, अंचल– पथरगामा
परियोजना का नाम – पथरगामा–बाँसजोरी– राजाभीट्टा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पथ निर्माण।

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे भूखंड सं० | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हिस्से की भूमि का रकवा (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड स०) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 33 | 94 | निजी | बाड़ी–I | 0.004 | 0.000667 | रवि टेकरीवाल, पिता– स्व0 बनवारी टेकरीवाल | पथ | 108 | पथ | पथ |
| 2 | | | | | | 0.000667 | राकेश टेकरीवाल, पिता– स्व0 बनवारी टेकरीवाल | | | | |
| 3 | | | | | | 0.000666 | राजु टेकरीवाल, पिता– स्व0 बनवारी टेकरीवाल | | | | |
| 4 | | | | | | 0.002 | अनिल टेकरीवाल, पिता– स्व0 रामस्वरूप टेकरीवाल | | | | |
| 5 | 44 | 92 | निजी | मकान में सहन | 0.007 | 0.007 | जमाबन्दी रैयत के वारीशान | पथ | पथ | पथ | पथ |
| 6 | 46 | 90 | निजी | मकान में सहन | 0.002 | 0.002 | जमाबन्दी रैयत के वारीशान | सीमा | पथ | पथ | पथ |
| 7 | 50 | 87 | निजी | मकान में सहन | 0.002 | 0.000165 | राकेश रंजन चतुर्वेदी, पिता– स्व0 सुशील चौबे | सीमा | पथ | पथ | पथ |
| 8 | | | | | | 0.000165 | प्रभात रंजन चतुर्वेदी, पिता– स्व0 सुशील चौबे | | | | |
| 9 | | | | | | 0.000165 | मनोज चतुर्वेदी, पिता– स्व0 अखिलेश्वर चौबे | | | | |
| 10 | | | | | | 0.000165 | अभिषेक चतुर्वेदी, पिता– स्व0 अखिलेश्वर चौबे | | | | |
| 11 | | | | | | 0.00034 | सवेश्वर चौबे, पिता– रामानन्दन चौबे | | | | |
| 12 | | | | | | 0.0005 | अमित रंजन चतुर्वेदी, पिता– स्व0 अजय चौबे | | | | |
| 13 | | | | | | 0.0005 | अंकित रंजन चतुर्वेदी, पिता– स्व0 अजय चौबे | | | | |
| 14 | 53 | 91 | निजी | मकान में सहन | 0.004 | 0.004 | जमाबन्दी रैयत के वारीशान | पथ | पथ | पथ | पथ |
| 15 | 19 | 86 | सरकारी | गौचर | 0.026 | 0.026 | झारखण्ड सरकार | सीमा | पथ | पथ | पथ |
| 16 | 23 | 93 | सरकारी | परती कदीम | 0.010 | 0.010 | | पथ | 108 | पथ | पथ |
| | | | | कुल रकवा :– | 0.055 | 0.055 | एकड़ | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।
भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। उपायुक्त, गोड्डा उक्त अधिनियम की धारा– 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा / अंचल अधिकारी, पथरगामा और उनके कर्मचारी– कानूनगो / अंचल निरीक्षक / अंचल अमीन / संबंधित राजस्व कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।
अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / –
PR 348428 Land Reforms(24-25)D — उपायुक्त, गोड्डा।


# निरंतर सेवा की मिसाल पेश कर रहे जलपुरुष सूरज झा

## गर्मी की आहट के साथ जल वाहन से लोगों को मिल रहा लाभ

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर समर्पण की नगरी है। इस शहर में सेवा का अविरल और विह्वल रुप देखने के लिए मिलता है। शिव की नगरी में शिव सेवा के साथ साथ जन सेवा और सेवा भाव के सरोकार से सराबोर लोगों में एक प्रमुख व्यक्तित्व हैं सूरज झा। सूरज झा की पृष्ठभूमि समाजसेवी की रही है। हालिया उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया है और निवर्तमान कमेटी में जिला संयुक्त सचिव के ओहदे को अपने सक्रियता और समर्पण की बदौलत प्राप्त किया है। सूरज को जलपुरुष के नाम से लोग जानते-पुकारते हैं। दरअसल,समाजसेवी सूरज झा द्वारा निरंतर निःशुल्क जल वितरण शहर



के विभिन्न इलाकों में किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से, समाजसेवी शहर के निवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल प्रदान कर रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर रहा है।इस पहल के तहत, शहर के विभिन्न इलाकों में निःशुल्क जल वितरण केंद्र स्थापित कर रहे हैं, जहां से लोग स्वच्छ और शुद्ध पेयजल प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल के माध्यम से, समाजसेवी न केवल लोगों को पेयजल प्रदान कर रहे हैं, बल्कि वे शहर के निवासियों के बीच सामाजिक सेवा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दे रहे हैं। यह पहल शहर के निवासियों को एक दूसरे के साथ जुड़ने और एक दूसरे की मदद करने का अवसर प्रदान कर रही है।

## सीएस ने किया स्क्रीनिंग समिति का गठन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी के द्वारा जिला संवर्ग के सभी योग्य नियमित कर्मचारियों को ए सी पी, एम ए सी पी का लाभ देने के लिए तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग समिति का गठन किया गया है।जिसकी बैठक दिनांक 18/03/25 को सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित किया गया है।समिति में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, डॉक्टर परमजीत कौर, डॉक्टर मनीष कुमार लाल शामिल हैं। समिति की बैठक के बाद सभी जिला स्तरीय कर्मचारियों को ए सी पी, एम ए सी पी का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र और जिला सचिव


**साहेबगंज समाहरणालय जिला भू-अर्जन शाखा, साहेबगंज**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

प्रारंभिक अधिसूचना {अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन}
एल0ए0 संख्या– 20 / 2024–25 / 328 / भू0अ0, साहेबगंज दिनांक–05.03.2025

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता, साहेबगंज को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–इदरी, थाना सं0–16, अंचल–पतना, जिला–साहेबगंज में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना पथ प्रमण्डल साहेबगंज अन्तर्गत खैरबनी (**NH-133A**) से सनमनी (**RCD-ODR** पथ पर) भाया झुमरवॉध–दिबरीकोल–छोटा उरसा पहाड़ पथ परियोजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–इदरी, थाना सं0–16, अंचल–पतना, जिला–साहेबगंज में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.0141** एकड़ मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नालिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्रम सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड संख्या) उ0 | पू0 | द0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 01 | 01 | रैयती | – | 0.0141 | कटुवा मांझी, पे0–हाजरा मांझी | आमडंडा | आमडंडा | भाग 1 | आमडंडा |
| | | | | कुल रकवा– | 0.0141 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (अधिनियम संख्या–30 / 2013) की धारा–11(1) के उपबन्धों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज और उनके कर्मचारियों ........ को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, साहेबगंज के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR.NO.348317 District(24-25):D — ह0 / – उपायुक्त, साहेबगंज।

## पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**जामताड़ा ।** साइबर अपराधियों के लिए जामताड़ा साइबर पुलिस दिन ब दिन काल बनती जा रही है। जामताड़ा साइबर थाना पुलिस के द्वारा आए दिन साइबर अपराधियों को रंगे हाथों दबोचने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार नारायणपुर और कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से साइबर अपराध को अंजाम देते हुए पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। देर शाम को साइबर थाना परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पु0नि0, देवेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल करते हुए नारायणपुर थानान्तर्गत ग्राम केन्दुआटॉड़ स्थित बाँसबट्टी के पास साईबर अपराधियों के विरूद्ध छापामारी किया गया। साईबर अपराध कारित करते हुए समीम अंसारी, मो0 समसुल दोनों ग्राम सतुआटाँड, बिधुत कुमार मंडल ग्राम हेठ-करमाटॉड तीनों थाना करमाटॉड, अब्दुल कलाम और तबारक अंसारी ग्राम तारासेठिया, थाना नारायणपुर सभी जिला जामताड़ा को फर्जी मोबाईल, सिम, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में इनके विरूद्ध जामताडा साईबर अपराध थाना में कांड दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 16 मोबाईल, 20 फर्जी मोबाईल सिम, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक वोटर कार्ड जप्त किया है। बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी एसबीआई, पीएनबी, पीएम किसान खाता धारकों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के व्हाट्सएप पर कस्टमर केयर का फर्जी एपीके फाइल भेज कर केवाईसी करवाने के नाम पर साइबर ठगी करते थे। बताया कि इन अपराधियों का कार्य क्षेत्र मूलत पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, बिहार और झारखंड रहा है।

## हास्य व्यंग पत्रिका फगुआ के फुहार का हुआ लोकार्पण



**गोड्डा ।** होली के अवसर पर प्रकाशित हास्य - व्यंग्य पत्रिका ÷फगुआ के फुहार÷ के छठे संस्करण का लोकार्पण बुधवार को गोड्डा व्यवहार न्यायालय परिसर में हुआ। लोकमंच सचिव सह अधिवक्ता सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ की अध्यक्षता में लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता रविशंकर झा, अनंत नारायण दुबे, नंदन ठाकुर, आमोद ठाकुर, विनय ठाकुर, दिलीप तिवारी सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे। मौके पर लोक मंच सचिव सर्वजीत झा ने कहा कि आज के परिपेक्ष में किसी भी पुस्तक का प्रकाशन एक बड़ी चुनौती है जिसे स्वीकार करते हुए संजीव झा जी पिछले 6 वर्षों से होली के मौक पर प्रकाशित करते आ रहे हैं। इसके लिए वे बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने होली के अवसर पर इस पत्रिका के विमोचन पर खुशी जताई।धन्यवाद ज्ञापन पत्रिका के संपादक संजीव कुमार झा मुन्ना ने किया।

## कैंब्रिज बीएड में मना होलीकोत्सव



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर्स एजुकेशन, बहया में बुधवार को होलि उत्सव का आयोजन हुआ. संस्थान के प्रशिक्षु विद्यार्थियों ने होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए. छात्राओं ने भी कार्यक्रम में होली के पारम्परिक गीत गाकर उत्सव में चार चाँद लगा दिया. इसके पूर्व प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को होली की शुभकामनायें दी. कार्यक्रम की समाप्ति के बाद विद्यार्थियों ने आपस में जमकर होली खेली. एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर हुड़दंग मचाते हुए होली का आनंद लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रेणु, डॉ सत्येश कुमार सिंह, प्रो जासिंता गुड़िया, विकास कुमार विकी, अपूर्वा मुखर्जी, मिलन कुमार आदि की भूमिका अहम रही.

## जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का समापन एवं होली मिलन समारोह



**मिहिजाम।** मिहिजाम स्थित जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन स्वच्छता एवं साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके बाद एनएसएस वॉलिंटियर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समापन कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. कृष्ण मोहन साह, नेक कोऑर्डिनेटर डॉ. राकेश रंजन, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सोमेन सरकार, एनएसएस इकाई-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी रंजीत यादव और इकाई-2 की पदाधिकारी देवकी पंजियारा सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य उपस्थित रहे। प्राचार्य ने एनएसएस की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज सेवा की दिशा में निरंतर कार्यरत रहता है। उन्होंने वॉलिंटियर्स द्वारा किए गए रक्तदान को सराहनीय कदम बताया। इसके बाद होली मिलन समारोह में सभी ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अमिता सिंह, शबनम खातून, शंभू सिंह, बास्कीनाथ प्रसाद, अरविंद सिंह, दिनेश किस्कु, रेखा शर्मा, अभिजीत सिंह खरटोल, राजकुमार मिस्त्री और दिनेश रजक समेत कई लोग शामिल हुए। आयोजन ने समाज सेवा एवं आपसी सौहार्द को और मजबूत किया।

## रूपनारायणपुर पुलिस फाड़ी में आईसी क्वार्टर और महिला कांस्टेबल बैरक का उद्घाटन



**चितरंजन।** सालानपुर थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर पुलिस फाड़ी में आईसी क्वार्टर और महिला कांस्टेबलों के लिए नए बैरक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस उद्घाटन समारोह में डीसी वेस्ट संदीप कर, एसीपी कुल्टी एस.के. जावेद हुसैन, सालानपुर थाना प्रभारी अमित हाटी, रूपनारायणपुर फाड़ी प्रभारी अरुणाभ भट्टाचार्य और कल्याणेश्वरी फाड़ी प्रभारी लल्टू पाखिरा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने इस पहल को पुलिस बल के कल्याण के लिए एक अहम कदम बताया। पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार चौधरी ने परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सालानपुर थाना और रूपनारायणपुर फाड़ी के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन बैरकों का निर्माण किया गया है।उन्होंने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे एक महान सामाजिक कार्य बताया और सभी से इसमें सहभागिता करने की अपील की। इस आयोजन से पुलिस कर्मियों और स्थानीय निवासियों में उत्साह देखने को मिला।

# मानव तस्करी मामले में पुलिस ने आंगनबाड़ी सेविका सहित तीन को किया गिरफ्तार

**- नाबालिग आदिवासी बच्चियों को आंध्र प्रदेश भेजने की थी साजिश**



**संवाददाता**

गोड्डा = पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। उक्त मामले में पुलिस ने छापेमारी कर तीन नाबालिग आदिवासी लड़कियों को तस्करों के चंगुल से बचाया है। वहीं इस मामले में एक आंगनबाड़ी सेविका सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त मामले में गोड्डा पुलिस अधीक्षक अमिनेश नेथानी को 11 मार्च को सूचना मिली कि सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र से तीन नाबालिग लड़कियों को एक महिंद्रा एक्सयूवी 300 से आंध्र प्रदेश ले जाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को पकड़ा और लड़कियों को बचाया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुंदर पहाड़ी की आंगनबाड़ी सेविका अगस्टिन सोरेन, सरावर पेट का शेख मुर्तजा और गुंटूर, आंध्र प्रदेश का पोपूरी वेंकटेश्वर शामिल हैं।वहीं पूछताछ में खुलासा हुआ कि आंगनबाड़ी सेविका इस पूरे रैकेट की मुख्य सूत्रधार थी। वह गरीब परिवारों की बच्चियों को अच्छी नौकरी का लालच देकर फंसाती थी। बच्चियों के परिवारों को मात्र 2-2 हजार रुपये दिए जाते थे। आरोपी परिवार वालों को झूठा वादा करते थे कि बच्चियों की कमाई का आधा हिस्सा उन्हें मिलेगा।एसपी श्री नेथानी के अनुसार यह एक सुनियोजित गिरोह था। आरोपियों से दो स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इस क्षेत्र से हुई अन्य मानव तस्करी की जांच कर रही है। साथ ही अंतरराज्यीय गिरोह की भी छानबीन की जा रही है।

## झामुमो के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को किया गया सम्मानित, जल्द होगा नगर कमेटी का गठन



जामताड़ा = झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में बुधवार को नवचयनित वार्ड सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। संयोजक प्रमुख रविंद्र नाथ दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी नव चयनित सदस्यों का स्वागत व सम्मानित किया गया। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नए सदस्यों को पार्टी का झंडा और बैनर देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रविंद्र नाथ दुबे ने बताया कि पूरे राज्य में संगठन विस्तार का कार्य जोरो से चल रहा है इसी के निमित्त जामताड़ा नगर के सभी वार्डों में नए सदस्यों का चयन कर सूची तैयार कर ली गई है बताया कि जल्द ही नगर कमेटी का भी गठन कर दिया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रवक्ता देवाशीष मिश्रा, आनंद टुडू, चंचल राय, साकेस सिंह, किशोर रवानी, राजीव माजी, ध्रुव नारायण सरकार, विजय राउत, अमर बाउरी, पिंटू बाउरी, बाबू रवानी, संजय महतो, प्रभाकर सिंह, पांचू दास सहित सैकड़ो की संख्या में नए सदस्य उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन ने नाला अस्पताल तथा मेले में प्रतिनियुक्त मेडिकल टीम का किया निरीक्षण

**नाला (जामताड़ा)**-- सिविल सर्जन डॉ0 आनंद मोहन सोरेन ने बुधवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यज्ञ मंडप परिसर तथा मेले में प्रतिनियुक्त मेडिकल टीम का भी जायजा लिया इसके अलावा उन्होंने गेडिया उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया वही नाला अस्पताल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, कोल्ड चैन,एक्स-रे ,फार्मेसी ओपीडी ,स्टोर रूम के अलावे विभिन्न पंजीयों का भी निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इलाजरत मरीजों से भी हाल-चाल पूछा साथ ही रोस्टर पंजी एवं प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र में इलाजरत बच्चे की माता से भी वहां उपलब्ध सुख सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की 7उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी से अस्पताल की आधारभूत संरचनाओं से संबंधित जानकारी ली इस दौरान उन्होंने यज्ञ मंडप तथा मेले में प्रतिनियुक्ति मेडिकल टीम का अवलोकन किया तथा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली ।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



महागामा प्रतिनिधि गोड्डा / प्रखंड केंद्र पर स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा बुधवार को महागामा स्वदेशी कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक राजेश कुमार उपाध्याय के द्वारा बताया गया कि होली रंगों का त्यौहार है यह पर्व संघ एवं उनके अनुषांगिक संगठनों के द्वारा हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ देश भर मैं सभी कार्यकर्ता बंधु एवं समाज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ बंधुगण मिलकर मनाते हैं। इस होली मिलन समारोह के पीछे संगठन का उद्देश्य यह है की समाज में फैला राग द्वेष, जाति-पाति, ऊंच-नीच एवं छुआछूत की भावनाओं से ऊपर उठकर सभी एक साथ समरूपता के साथ यह होली का पर्व एक दूसरे को गुलाल लगाकर मानते हैं। जिससे सभी के जीवन में रंग भर जाए एवं सभी एक दूसरे से गले मिलकर सौहार्द के साथ अपनी खुशी व्यक्त करते हैं। सामाजिक समरसता की भावना को दर्शाते हैं। समाज में फैली इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए यह होली मिलन समारोह का आयोजन कर एक सामाजिक समरसता एवं कुटुंब प्रबोधन का संदेश जन जन तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। इस होली मिलन समारोह में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक राजेश कुमार उपाध्याय, प्रांत पूर्णकालिक हिमांशु शेखर, जिला सह संयोजक राजेश झा,जिला पूर्णकालिक सुधांशु शेखर,जिला समन्वयक साकेत कुमार,प्रचार प्रसार प्रमुख कृष्णा कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जिला शारीरिक प्रमुख शुभेंदु शेखर, खंड शारीरिक प्रमुख अमरजीत कुमार, खंड कार्यवाह अमरनाथ कुमार, मंडल प्रमुख मिलन मंडल,बिपिन कुमार, भाजपा से जिला महामंत्री मुरारी चौबे, मंत्री मुन्ना झा, पप्पू ठाकुर, धनंजय सिंह, रोहित दास, संस्कार भारती के विभाग संयोजक हेमकांत पंडित आदि मौजूद थे।

## एंबीशन पॉइंट स्कूल में खेल प्रतियोगिता और होली मिलन का उल्लास



**मिहिजाम।** पालबगान स्थित एंबीशन पॉइंट स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैलून रेस, चॉकलेट रेस, बोतल शूट, गोली-चम्मच रेस और कैरम सहित कई रोचक खेलों में विद्यार्थियों ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि, स्पेशलिस्ट दंत चिकित्सक डॉ. शशि शेखर सुमन और विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार शर्मा द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता छात्रों में ब्यूटी कुमारी, शिव कुमार, वरुण, श्याम, प्रिंस, शानवी, आलिया, स्माइली, सुमित, तमन्ना, संध्या, राखी, हीना, नासरीन, डिस्टी, मधुमिता, अनीस, सोनू, अमन, शिव शक्ति, सलोनी, फैजान और नीलोफर शामिल रहे। प्रतियोगिता के बाद छात्रों ने होली का आनंद लेते हुए एक-दूसरे को अबीर लगाया और शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर रंगों, उत्साह और सौहार्द से सराबोर हो गया। इस आयोजन का संचालन सहायक शिक्षक अख्तर अंसारी, नेहा शर्मा, मोना कुमारी और नासरीन परवीन सहित सभी शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम से विद्यार्थियों में खेल भावना, टीम वर्क और सांस्कृतिक एकता का संदेश देखने को मिला।

## धुरखेल के साथ होली का आगाज , खरीदारी जोरों पर



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार की सुबह धुरखेल से ही तीन दिवसीय बसंतोत्सव का पर्व होली शुरू हो गया। होली को लेकर चहुंओर उत्साह का माहौल है। सभी लोग होली की तैयारी में जुट गए हैं। होली को यादगार बनाने के लिए लजीज व्यंजन, पुआ पकवान, दही बाड़ा सहित मनपसंद वस्तुएं बनाने की सामग्री, रंग-गुलाल व पिचकारी की खरीददारी अंतिम चरण में है। होली की विशेष खरीददारी को लेकर चौक- चौराहे पर आकर्षक उपहार के साथ दुकानों पर ग्राहकों का इंतजार हो रहा है। बाजार में आधुनिकता की दौड़ में एक से बढ़कर एक आइटम खरीददारों को सहज की आकर्षित कर रहे हैं। खासकर बच्चों के लिए रंग बिरंगी पिचकारियों की भरमार है। दुकानदार पवन कुमार जायसवाल बताते हैं कि इस बार बाजार में 25 रूपये से लेकर एक हजार रूपये तक की पिचकारी बिक रही है। सभी अपने- अपने सामर्थ के अनुसार खरीददारी में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि स्टील की पंप वाली पिचकारी, ओटोमेटिक पिचकारी, तांबे की ओटोमेटिक पिचकारी, बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खिलौने के आकार की बनी पिचकारी, बड़ा पाइप व अलग से बोतल में लगाने वाली पिचकारी बच्चों का मन लुभा रही है। बच्चे कई दिन पूर्व से ही पिचकारी लेकर गली- मुहल्ले में होली खेलने में मशगुल हैं। होली में खास पकवान बनाने की परंपरा है। इसलिए सभी दुकान पर मैदा, सुज्जी, बेसन, विभिन्न प्रकार की दला, पापड़ सहित अन्य खाने के सामानों को भी सजाया गया है। विभिन्न मौल पर होली की सामग्री की खरीददारी पर आकर्षक उपहार भी दिया जा रहा है। जानकार बताते हैं कि गुरुवार को धुरखेल के दिन कीचड़ की होली खेली जाती है। इस दौरान होली गायन के बाद सभी लोग स्नान करने के उपरांत लजीत व्यंजन खाते हैं। जबकि रात दस बजे ही होलिका दहन होगा इसके बाद शुक्रवार व शनिवार को होली के तहत लोग रंग-अबीर की होली खेलेंगे। इस दिन पुआ-पकवान, दही बाड़ा सहित अन्य लजीत व्यंजन व मिष्ठान खाने की परंपरा है। होली के दिन अपने- पराये व समाज के लोग एक-दूसरे के घर आकर होली की मुबारक बाद देते हैं। इधर महेशपुर, लखनपहाड़ी सहित अनेक गांवों में फगदौल पर होली मिलन व झूलनोत्सव का भी आयोजन होता है। यहां ग्रामीण अपने - अपने घरों के शालिग्राम को पूजा करने के उपरांत फगदौल में लगे झूलन पर ले जाकर झूला झूलाते हैं और वहीं होली खेलते हैं। होली को लेकर चहुंओर उत्साह का माहौल है।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**गोड्डा ।** होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के मद्देनजर बसंतराय थाना प्रभारी मनीष यादव के द्वारा बसंतराय- गोड्डा मुख्य मार्ग पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई ताकि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की पहचान हो सके। जांच अभियान के दौरान सभी वाहन चालकों को मुंह में ब्रेथ एनालाइजर मशीन लगाकर टेस्ट किया गया। वहीं सख्त निर्देश दिया गया कि यदि कोई व्यक्ति नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने सभी दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों का पालन करने और होली के दौरान सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की। बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार अभियान जारी रखेगा। मौके पर थाना प्रभारी मनीष यादव, एसआई के साथ बसंतराय थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

## जिले के विभिन्न पंचायतों में 90 दिवसीय इंटेंशिव शिविर आयोजित



**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले में पंचायत स्तर पर 90 दिवसीय गहन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मेहरमा की डालसा की टीम ने क्षेत्र के मडपा पंचायत के गांवों में जाकर लोगों को जागरुक किया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल ने ग्रामीणों को,मानव तस्करी ,बाल विवाह आदि के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान में शिक्षा सबसे जरुरी है। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। बच्चों से कभी भी मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन- पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन , पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है।बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने की जरुरत है। महिला शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरुकता जरुरी है। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार, पोक्सो, बाल श्रम, बाल विवाह आदि से संबंधित जानकारी दी गई। इसी प्रकार बसंतराय में जायसवाल मांझी व जोबाती मुर्मू, बोआरीजोर में दयानंद यादव एवं अनिता टुडू, ठाकुरगंगटी में मुन्नी रानी, महागामा में जयकृष्ण यादव एवं स्टेंशिला हेम्ब्रम, पोड़ैयाहाट में मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन, पथरगामा में दिलीप यादव व मीणु बेसरा,सुंदरहपड़ी में चुनका मुर्मू व मंजूरी बीबी आदि ने भी शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी।

## महुआ किया नष्ट, शराब भट्टी को ध्वस्त कर भारी मात्रा की देशी शराब को किया जब्त

**बसंतराय ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरगावा गांव के में बुधवार को स्थानीय प्रशासन ने कारवाई करते हुए अवैध देसी शराब निर्माण कर रहे महुआ देसी शराब भट्टी को ध्वस्त कर बड़ी मात्रा में तैयार जावा महुआ को नष्ट करते हुए अवैध देसी शराब को जब्त किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस कार्रवाई के दौरान शराब बनाने वाले मौके से भागने में सफल रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में अवैध शराब निर्माण करने के लिए भट्टी चलाया जा रहा है। फल स्वरुप अवैध शराब निर्माण करने वालों के विरुद्ध करवाई की गई। इस दौरान एक झोपड़ी से लगभग 5 क्विंटल जावा महुआ को बरामद करके नष्ट किया। वहीं बताया गया कि लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और हर हाल में अवैध शराब माफिया को बक्सा नहीं जाएगा। जानकारी हो कि बसंतराय थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध देशी शराब का निर्माण किया जाता रहा है। जहां स्थानीय पुलिस के द्वारा समय-समय पर छापेमारी कर इसके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाती है। मौके पर एस आई रौशन कुमार सिंह, जगनारायण कुमार और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## लोगों को दी गई विधिक जानकारी



फतेहपुर (जामताड़ा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के आदेशानुसार बुधवार को फतेहपुर प्रखण्ड के जोरडीहा, सेनजुरिया, कोलपाड़ा में विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी मुकेश कुमार मंडल एवं साधन मंडल ने डोर टू डोर प्रोग्राम में विभिन्न गांव में जाकर बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी, नशा मुक्ति आदि के रोकथाम के बारे में प्रचार प्रसार कर जानकारी दिया गया। सरकार द्वारा मिलने वाले विभिन्न योजना जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जामताड़ा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का लाभ लोग कैसे लें, इसके बारे में ग्रामीणों को जानकारी दिया गया।

## मुख्यमंत्री से मिले झामुमो नेता प्रदीप मंडल, संगठन मजबूती पर की चर्चा

**नारायणपुर (जामताड़ा)** जामताड़ा से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता प्रदीप मंडल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पार्टी संगठन को मजबूत करने और जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान प्रदीप मंडल ने जामताड़ा जिले में संगठन की स्थिति और उसे और अधिक सशक्त बनाने के लिए जरूरी कदमों पर अपने विचार रखे। इस बात की जानकारी प्रदीप मंडल ने दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और स्थानीय स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने की बात कही।इस मुलाकात में झामुमो के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। जिसमें पिछले महीने चलाया गया सदस्यता अभियान के बारे में भी जानकारी दिया गया ।साथ ही तैयारियों और पार्टी की रणनीति पर विचार-विमर्श शामिल रहा। प्रदीप मंडल ने संगठन विस्तार में युवा और समर्पित कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संगठनात्मक सुधारों पर आवश्यक निर्देश दिया। माना जा रहा है कि जल्द ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पार्टी कोई अहम फैसला ले सकती है।

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**गोड्डा ।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। वहीं बैठक के दौरान जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त के द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल तीनों श्रेणी के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की जानकारी लेते हुए बेहतर कार्य योजना तैयार कर लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज टू के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति का सतत अनुश्रवण करने, ग्राम स्तर पर स्वच्छता और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तरीय कार्य योजना तैयार करने, फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण करने, 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज, मनरेगा एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन संबंधित संरचनाओं का निर्माण करने, गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने, जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, ग्रीष्म ऋतु के परिप्रेक्ष्य में पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी करने, चापाकल मरम्मती टीम बनाकर सक्रिय मोड में कार्य करने, जल वितरण का उचित प्रबंधन करने, जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान चलाने, जलापूर्ति हेतु आवश्यक संसाधन तैयार रखने एवं जल संकट से निपटने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निदेश दिए गए। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता संजय शर्मा, ज़िला समन्वयक जेजेएम शत्रुघ्न, ज़फर, जिला समन्वयक एस बी एम संजीव रंजन, कनीय अभियंता आदित्य, सुमन्त, रूपेश, अभिषेक, चाँद हेम्ब्रम, मनोज पूर्वे, गुलशन, शनाउल्ला एवं इफ्तिकार सहित कार्यालय कर्मिंगण मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांका में बाल संसद की बैठक आयोजित, लैंगिक समानता व नशामुक्ति पर हुई चर्चा



नारायणपुर (जामताड़ा) - प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांका में बाल संसद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के सुचारू संचालन, लैंगिक समानता और नशामुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।बैठक की अध्यक्षता बाल संसद की प्रधानमंत्री छठमुनि हेम्ब्रम ने की। उन्होंने बाल संसद की मजबूती पर जोर देते हुए विद्यालय में अनुशासन और नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देने की अपील की। बैठक में शिक्षक प्रकाश चंद्र मंडल, तपन कुमार मंडल, मो. सफीउल्ला, बदलाव फाउंडेशन की सावित्री सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं नियमित रूप से पूर्ण गणवेश में उपस्थित हों। साथ ही, जो बच्चे स्कूल नहीं आते, उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए बाल संसद के सदस्य उनके अभिभावकों से संपर्क करेंगे और घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके लिए टोला भ्रमण का भी निर्णय लिया गया।इसके अलावा, नशामुक्ति पर भी चर्चा हुई, जिसमें बच्चों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराएं और लोगों को जागरूक करें।बैठक के बाद होली अवकाश को लेकर बच्चों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण में अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ मिलकर होली खेली।

# होली से पहले सब्जी मार्केट से 66 किलो नकली पनीर जब्त




संवाददाता

**दुमका** । शहर के तीन बाजार स्थित सब्जी मार्केट में बुधवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित राम ने अपने टीम के साथ छापेमारी कर होली के पहले ही 66 किलो नकली पनीर का जब्त कर नष्ट कर दिया है। यह पनीर बिहार से लाकर दुमका में खपाया जा रहा था। उन्होंने दर्जन भर दुकानों में जांच किया। उसके बाद एक गोदाम में छापेमारी की गई। इस छापेमारी के बाद खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने 66 किलो नकली पनीर जब्त किया गया। केमिकल डालते ही जम पनीर यह काला हो गया। उसके बाद टीम ने पनीर को जब्त किया और उसे कानूनी तरीके से नष्ट कर दिया है। वहीं आरोपियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। मकान मालिक को भी पदाधिकारी ने हिदायत दी है।



दुमका। झामुमो ने दुमका क्लब में की होली मिलन समारोह का आयोजन। स्थानीय विधायक बसंत सोरेन समेत लोग सारठ विधायक चुन्ना सिंह की गाने पर झूमे। जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने दुमका व जामा विधायक को दी शुभकामनाएं।

## चलती ट्रक में लगी आग बाल बाल बच चालक



**दुमका** । मुफस्सिल थाना के पुसारो ब्रिज के पास एक चलती ट्रक में आग लग गई. बीच सड़क ट्रक धू धू कर जलने लगा. मौके पर अफरा तफरी मच गई. चालक ने सूझबूझ से अपनी जान बचाई. सूचना फायर ब्रिगेड को दी. सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. ट्रक पर दाल लोड है. बताया जा रहा है कि ट्रक का टायर ब्लास्ट होने के कारण आग लग गई।

## विवि की हैंडबॉल टीम ओडिशा रवाना



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुधवार को केआईआईटी विश्वविद्यालय ओडिशा रवाना हुई। उक्त प्रतियोगिता 16 से 18 मार्च तक आयोजित होगी। टीम के साथ मिर्जा खान को टीम मैनेजर और कोच अमित आनंद के रूप में भेजा गया है। विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार बृज नंद ठाकुर, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, खेल निदेशक डॉ. सुजीत कुमार सोरेन, वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार नसिंह, खेल समिति के सदस्य डॉ. संतोष कुमार सील, ओएस डी लीगल डॉ. राजीव रंजन और डॉ. बिजॉय कुमार ने संयुक्त रूप से टीम को शुभकामनाएं देकर विदाई दी। कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन और खेल भावना से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की कामना की।

## एसकेएमयू के डीएसडब्ल्यू को मिला सेवा विस्तार

**दुमका।** एसकेएमयू के वर्तमान डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव को राजभवन से मिला छह माह का सेवा विस्तार। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव को राजभवन की ओर से छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में राजभवन ने विश्वविद्यालय को 7 मार्च को एक पत्र भेज दिया था। उक्त पत्र के आलोक में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने बुधवार को डॉ यादव का सेवा विस्तार सम्बन्धित अधिसूचना जारी कर दी है। राजभवन से प्राप्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव को एक मार्च से अधिकतम छह माह तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। आपको बता दें कि डॉ यादव राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं और पिछले एक साल से विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू के पद पर कार्यरत हैं। डॉ यादव विश्वविद्यालय में कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान के डीन, राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

## डॉ एस एल बोंडया बने बॉटनी विभागाध्यक्ष



**दुमका।** डॉ एस एल बोंडया बने स्नातकोतर बॉटनी विभाग के विभागाध्यक्ष. सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर बॉटनी विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष के रूप में डॉ सुतानु लाल बोंडया को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर दिया है। विदित हो कि स्नातकोत्तर बॉटनी विभागाध्यक्ष के तत्कालीन विभागध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिन्हा को विवि का वित्त पदाधिकारी बनाये जाने के कारण विभागध्यक्ष का पद रिक्त था। डॉ बोंडया को अगले आदेश तक के लिए विभागध्यक्ष का प्रभार दिया गया है। बात दे डॉ बोंडया पहले भी विभागध्यक्ष के साथ विवि में कई महत्वपूर्ण पद का पद निर्वाहन कर चुके है।

## बांधडीह में श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**जरमुंडी** । जरमुंडी प्रखंड बांधडीह गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर कलश विसर्जन सह शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें 108 सुहागिन महिलाओं के द्वारा यज्ञ मंडप में पूर्व में रखे जल से भरे कलश को लेकर भ्रमण करते हुए वापस तालाब में विसर्जन किया। यहां बता दें कि कथा सप्ताह के समापन मौके पर कथा वाचक संजयानंद महाराज ने उपस्थित भक्तों को धर्मार्थ कार्य करने, दीन दुखियों की मदद करने, माता-पिता, गुरुजन व वृद्धों का सम्मान करने की सीख दी। देशी गाय हमारी संस्कृति का आधार है और इसके अंग अंग में भगवान है. भागवत कथा के इस आयोजन में भागवत कथा आयोजक समिति के लखनलाल साह, खोगेंद्र मंडल, सुरेश भंडारी, भादो मंडल, विश्वनाथ साह, भागीरथ मंडल, मानिक गण सहित स्थानीय ग्रामीणों ने तन-मन-धन से सराहनीय भूमिका निभाई।

## ऊर्जा संरक्षण पर किसानों को किया जागरूक

**जरमुंडी** । जरमुंडी प्रखंड कार्यालय के सभागार में कृषि क्षेत्र में ऊर्जा और जल संरक्षण को लेकर किसानों तथा अन्य संबंधित हित धारकों के लिए बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। झारखंड नवीकरणीय उर्जा विकास एजेंसी (ज्रेडा) द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर किसानों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में ज्रेडा,रांची के ऊर्जा विशेषज्ञ प्रभाकर कुमार झा ने उपस्थित किसानों को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में अधिकतम लाभ उठाने की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को योजना की विस्तृत तकनीकी जानकारी से अवगत कराया। कार्यशाला में सभी किसानों को सोलर ऊर्जा से संबंधित उपकरणों की तकनीकी जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई।

# एम्स देवघर की सुरक्षा होगी पुख्ता, पुलिस पिकेट और फायर स्टेशन की होगी स्थापना : डीसी



संवाददाता

**देवघर** । डीसी विशाल सागर ने आज 12 मार्च को एम्स देवघर परिसर के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने एम्स प्रबंधन और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति, जलापूर्ति, अग्निशमन, यातायात सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और हस्तांतरित जमीन की घेराबंदी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने बताया कि एम्स के लिए एक समर्पित फायर स्टेशन और पुलिस पिकेट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए फायर स्टेशन के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है, और जल्द ही इस पर कार्य शुरू किया जाएगा।

उन्होंने एम्स की हस्तांतरित जमीन को सुरक्षित करने और घेराबंदी का कार्य तेजी से पूरा करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने एम्स से जुड़े यातायात प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि जसीडीह रेलवे स्टेशन से एम्स तक सार्वजनिक वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, एम्स से अन्य प्रमुख स्थानों तक आवागमन, किराया निर्धारण और यातायात से जुड़ी अन्य सुविधाओं को भी दुरुस्त करने को कहा। बैठक में डीसी ने एम्स के निकट केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने देवीपुर प्रखंड के रामूडीह गांव स्थित कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में एम्स निदेशक, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, उप निदेशक एम्स, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल,अग्निशमन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी देवीपुर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पेंशनर समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** भाईचारा और आपसी सौहार्द का प्रतीक होली मिलन समारोह झारखंड राज्य पेंशनर समाज दुमका में बुधवार को मनाया गया जिसमें पेंशनर समाज के सदस्यों के द्वारा होली गीत गाकर माहौल को पूरी तरह से रंगीन बना दिया।सभी इस वसंतोत्सव के उपलक्ष्य पर अबीर और गुलाल से सराबोर देखे गए और पुआ पकवान तथा सूखे मेवे सभी के बीच बांटा गया । आज के मिलन समारोह में अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, बाल किशोर कापरी ,सीताराम यादव, प्रद्युमन शर्मा, राधे मिस्त्री, श्रीकांत प्रसाद, विजय कुमार, हीरालाल साह, शंकर झा, सनातन भूई एवं मलिक दास इत्यादि उपस्थित थे। सभी पेंशनर्स एक दूसरे के साथ गले मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीऔर संकल्प लिया कि समुदाय से बुराइयों का खत्म कराया जाएगा और जीवन को खुशहाल रखने के मुख्य को अपनाकर उल्लासपूर्ण जीवन बनाया जाएगा । तत्पश्चात पेंशन समाज कार्यालय होली के शुभ अवसर पर बंद कर दिया गया।अब समाज का कार्यालय सोमवार को नियत समय पर खुलेगा ।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**देवघर।** जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के पांडेयडीह गांव निवासी 45 वर्षीय मजदूर तारो यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हादसा 11 मार्च की रात को हुआ, जब उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र बालमुकुंद यादव ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा कि यह कोई सड़क हादसा नहीं बल्कि एक साजिश के तहत हत्या है। उन्होंने बताया कि उनके पिता जसीडीह थाना क्षेत्र के चपुरिया गांव में रहकर सूर्या डेकोरेशन के मालिक राजेंद्र यादव के लिए मजदूरी करते थे। बालमुकुंद के अनुसार 11 मार्च की शाम करीब 5 बजे, उनके पिता के साथ काम करने वाले चार मजदूर घर पहुंचे और उन्हें ऑटो में बैठाकर पीकअप से माल उतारने के बहाने साथ ले गए। पहले वे राजेंद्र यादव के घर गए और सामान उतारा। इसके बाद उन्हें कोयरिडीह के जंगल और नहर के पास ले जाकर साजिश के तहत हत्या कर दी गई।

## रैयतों ने जमीन पर अबैध कब्जा कर अबुआ आवास निर्माण कराने का किया विरोध

**रानीश्वर ( दुमका )** । कुमिरदहा ग्राम पंचायत के महिषबाथान गांव के निलमुनि कुनूई, पुतला खयरा ,अनूप मंडल, संध्या मंडल ,लालन मंडल ,अनिल बाउरी, मनोज बाउरी बिभूपद चक्रबरती ,राकेश मंडल ,निरंजन मंडल ,बिष्णु प्रसाद मंडल के साथ पचास ग्रामीण अंचल अधिकारी संदा नुसरत को आवेदन देकर मौजा महिषबाथान के अनाबादी जमाबंदी संख्या 110 के दाग संख्या1567,1568 में अबैध कब्जा कर अबुआ अबास निर्माण का कार्य शुरू करने की शिकायत किया हैं ।लाभुक आरती बागति पश्चिम बंगाल के हैं ।वह अपने बाप घर मे रहती हैं ।गांव के सरकार के पंचायत स्वयंसेवक ने गलत रूप से खास जमीन पर आवास निर्माण हेतु जिओ टैगिंग कर दिया हैं ।ग्रामीणों ने बताया हैं कि यहां अबुआ दिसुम अबुआ राज के गृहविहीन के लिये आबंटित पीएम आवास एवं अबुआ आवास निर्माण कार्य मे पैरवी के बल पर अयोग्य लाभुक कब्जा कर रहा हैं ।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



**गोपीकांदर।** प्रखडं संकुल संसाधन केंद्र में बुधवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेन्द्र हेंब्रम की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संकुल संसाधन केंद्र के कर्मी एवं शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर मुखिया संघ प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष बास्की, कार्यक्रम पदाधिकारी समीम परवेज़, बीआरपी गुलसवर सुल्तान, परवेज़ अख्तर, ईशाक मरांडी, दिलिप कुमार किस्कू, इरशाद आलम, उज्जवल पाल, महावीर राय, छाया मुर्मू, हेमलता टुडू सहित कई शिक्षक एवं शिक्षिकाए मौजूद रहें।

## पल्लीएटीव केयर से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया

**देवघर संताल एक्सप्रेस** । पल्लीएटीव केयर से सम्बंधित प्रशिक्षण आई एम ए0 हॉल,पुराना सदर अस्पताल देवघर में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रशामक देखभाल गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल है। इस प्रकार की देखभाल बीमारी के लक्षणों और तनाव से राहत प्रदान करने पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य रोगी और परिवार दोनों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रशामक देखभाल डॉक्टरों, नर्सों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य विशेषज्ञों की एक विशेष रूप से प्रशिक्षित टीम द्वारा प्रदान की जाती है।

# नेपाल की विदेश मंत्री ने बासुकीनाथ में की पूजा अर्चना



संवाददाता

**जरमुंडी** । बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में बुधवार को नेपाल के विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा देउबा ने पूजा अर्चना कर स्वजनों और देशवासियों के लिए कुशल क्षेम तथा सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर के पुरोहितों ने उन्हें स्वस्ति वाचन पूर्वक संकल्प कराकर प्रधान मंदिर के गर्भगृह में नागेश ज्योतिर्लिंग की षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना कराई। बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर प्रांगण में स्थित पार्वती माता, काली माता एवं राजराजेश्वरी पीतांबरा भगवती बगलामुखी की विधि पूर्वक पूजन कराया। इस क्रम में मंदिर प्रांगण में नेपाली विदेश मंत्री ने भोलेनाथ की वृहत आरती की और पुरोहितों द्वारा भोलेनाथ की स्तुति की गई। इस अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर में एसी राजीव झा ने बाबा बासुकीनाथ का स्मृति चित्र भेंट स्वरूप देकर नेपाली विदेश मंत्री को सम्मानित किया। इस क्रम में उन्हें बाबा बासुकिनाथ के महात्म्य से अवगत कराया। नेपाली विदेश मंत्री के पूजा अर्चना कार्यक्रम को लेकर बासुकीनाथ मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## साइबर फ्रॉड मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़(दुमका)** । साइबर फ्रॉड के मामले में तीन वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को रामगढ़ थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी अजीत कुमार मंडल पिता शंकर मंडल रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमडा पहाड़ी गांव का निवासी है।पुलिस को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी रामगढ़ बाजार-दुमका मुख्य सडक मार्ग से हुई है। अजीत कुमार मंडल पर कांड संख्या 01/2022 के तहत रामगढ़ थाने के तत्कालीन एसआई संतोष कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आरोपी को पुलिस ने एक बार पूर्व में भी गिरफ्तार किया था किंतु वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

# ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन व पं रघुनाथ मुर्मू एकडेमी दिशोम जाहेरथान ने किया ओल चिकी जागरूकता कार्यक्रम



संवाददाता

**रानीश्वर ( दुमका )** । भारत सेवाश्रम संघ, स्वामी प्रणवानंद विद्या मंदिर, पाथरा के प्रांगण में ओलचिकी जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम भारत सेवाश्रम संघ के सचिव स्वामी नित्यव्रतानंद जी महाराज ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया उसके बाद दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत की गई. रविंद्रनाथ मुर्मू,संयुक्त सचिव ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन ने सम्बोधित करते हुए कहा की आप अपनी भाषा के साथ लिपि की जानकारी भी जरूरी है और वैज्ञानिक भी है, डोमन टुडू, लाइफ मेंबर ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन ने कहा की लिपि हमारी आँख है इसलिए इससे सीखना जरूरी है, मानसिंह माझी लाइफ मेंबर ऑल इंडिया संथाली एसोसिएशन ने कहा की जब तक आप अपनी भाषा की लिपि नहीं जानेंगे तब तक आप अँधेरे में भटकते हुए जैसे लगेंगे. मिर्जा मुर्मू, लाइफ मेंबर ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन ने कहा की आप लिपि सीखते हैं तो और दो लोगों को सिखाये ऐसे करके कारवाँ बनता जाएगा. उपस्थित छात्रों ने बहुत लगन से ओल चिकी लिपि सीखने की उत्सुकता जाहिर की, मौके पर प्रधानाचार्य अभिनन्दन मुर्मू, जयदेव दे, चैतन कारोवा,बोध बोदरा, गोविन्द यादव, रणजीत राउत, पार्थ राउत, अरिजीत प्रमाणिक,ज्योति प्रियंका हेमब्रम,प्रणव भकत,छात्र सुरेश मुर्मू, विमल मरांडी, रुबेन हेमब्रम, प्रेम हेमब्रम, रविंद्र सोरेन समेत विद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर का नियमितीकरण करें सरकार : अध्यक्ष



डॉ. एस. के. झा
अध्यक्ष
झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसरकॉन्ट्रैक्चुअल एसोसिएशन



डॉ. सुमंत कुमार
कोषाध्यक्ष
झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसरकॉन्ट्रैक्चुअल एसोसिएशन



प्रो. हरेंद्र पंडित
प्रवक्ता
झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसरकॉन्ट्रैक्चुअल एसोसिएशन



डॉ. ब्रह्मानंद साहू
सचिव
झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसरकॉन्ट्रैक्चुअल एसोसिएशन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** नीड बेस्ड शिक्षकों के स्थायीकरण की मांग के मुद्दे पर विधायक प्रदीप यादव द्वारा मंगलवार को विधानसभा में उठाये गए प्रश्न की जहां सराहना हो रही है, वहीं सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा दिये गए नकारात्मक उत्तर से राज्य भर के नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर्स में रोष है।

झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसर कांट्रैक्टच्युल एसोसियेशन के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ0एस0के0झा ने कहा कि मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान विधायक प्रदीप यादव द्वारा नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर के हितार्थ बहुत ही सार्थक प्रश्न पटल पर रखा गया। विधायक प्रदीप यादव के सभी नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर आभारी हैं, जिन्होंने सदन के पटल पर हम सबों के समायोजन, नियमितीकरण की वर्षों पुरानी मांग को ज़ोरदार तरीके से रखा। वहीं, दूसरी ओर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री के जवाब से राज्य के नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर संतुष्ट नहीं हैं, क्योंकि नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति विधिवत रुप से हुई है; स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध हुई है; आरक्षण रोस्टर के साथ हुई है; सभी यूजीसी रेगुलेशन के अनुसार अर्हताएं प्राप्त हैं; उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का संकल्प ही इसका प्रमाण है। नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षक है। आठ वर्षों का अनुभव है तब रेगुलराइजेशन क्यों नहीं किया जा सकता है?

संघ के केंद्रीय सचिव डॉ ब्रह्मानन्द साहू ने कहा कि वर्ष,2019 में वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणापत्र में अनुबंध कर्मियों को रेगुलराइज करने का वादा किया गया था, परंतु सदन में समायोजन के संदर्भ में इस प्रकार मुकर जाने से हम-सभी शिक्षक काफी मर्माहत हुए हैं। राज्य में सभी विश्वविद्यालयों व अंगीभूत महाविद्यालयों में 1987 से एडहॉक नियुक्ति, पुनः 2009 से गेस्ट नियुक्ति, पुनः 2017 से घंटी आधारित अनुबंध शिक्षक की नियुक्ति और 2023 से नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति से यहां के युवा की बौद्धिक संपदा को विकलांग बनाने की रणनीति को परिवर्तित कर उन्हें नैसर्गिक न्याय प्रदान करने की जरुरत है।

संघ के केंद्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. सुमंत कुमार ने कहा कि नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए जिस प्रकार की वेटेज,उम्र सीमा में छूट और नियुक्ति में प्राथमिकता देने की बात कही गई है, उससे तमाम नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर आहत हैं। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में दो वर्षों की अनुबंध सेवा पर, राजस्थान, मिजोरम आदि जगहों पर पांच वर्षों की सेवा पर अस्थाई शिक्षकों को रेगुलराइज किया गया है। अतः सरकार को चाहिए कि नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर के हितार्थ नियमितीकरण को लेकर यथाशीघ्र नीति निर्माण करें।

संघ के केंद्रीय प्रवक्ता प्रो. हरेन्द्र पंडित ने सदन में उच्च शिक्षा मंत्री के उत्तर का हवाला देते हुए कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर की रेगुलर नियुक्ति को लेकर 2416 पदों की अधियाचना जेपीएससी में भेजी गई है तथा नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। मंत्री के संज्ञान में हो कि हमारे राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति वर्ष 2007-08, के बाद 2018 में यानी दस वर्षों के अंतराल पर विज्ञापन प्रकाशित होने का इतिहास है। अतः वर्तमान सरकार के विराट हृदय में अनुबंध कर्मियों के लिए थोड़ी बहुत भी सहानुभूति है, तो जेपीएससी को भेजी गई 2416 पदों की अधियाचना में नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर के समायोजन हेतु 700-750 पद सुरक्षित रखना चाहिए और उक्त सुरक्षित रखे गए पदों पर नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर का नियमितीकरण किया जाना चाहिए।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री के द्वारा दिए गए उत्तर का विरोध करने वाले शिक्षकों में डॉ. तेतरु उरांव, डॉ. सोयब अंसारी, डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. पुष्पा तिवारी, डॉ. अंजना सिंह, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. ललिता सुंडी,डॉ. देवेंद्र साहू, डॉ. अजीत हांसदा, डॉ. अजय नाथ शाहदेव, डॉ. स्मिता कुमारी, डॉ. बिंदेश्वरी साहू, डॉ. अवन्तिका, डॉ. अन्नपूर्णा झा, डॉ. वासुदेव प्रजापति, डॉ. कंचन गिरी, डॉ. चंद्रकांत कमल, डॉ. बिलकस पन्ना, डॉ. राफिया बेगम, डॉ. विद्याराज, डॉ. संजू, डॉ. मोनीदीपा दास, डॉ. वाज़दा तबस्सुम, सहित सैकड़ों शिक्षकों ने सरकार से सिर्फ और सिर्फ रेगुलराइजेशन की मांग की है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल

**देवघर।** जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। सभी घायलों को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पहली घटना देवीपुर थाना क्षेत्र के झुमरबाद गांव के पास हुई, जहां पिछड़ीबाद गांव निवासी शांति देवी और उनके पति बेरु टुडू बाइक से गिरकर घायल हो गए

दूसरी घटना दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के लीलावरण गांव के रहने वाले पप्पू यादव के साथ हुई। वह बाइक चला रहा था, तभी असंतुलित होकर गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

तीसरी दुर्घटना में बिहार के मुंगेर जिले के कृष्णा कुमार बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। घटनाओं के बाद पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं और नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686